**लोक साहित्य** - (LOK SAHITYA)

Course Code: 5D03 HIN

Time: 2 Hours Maximum: 20 Marks

I. Write an essay out of two from 1 & 2 module in not less than 250 words 1 x 6 = 6 Marks

II. Write an essay out of two from 3 & 4 module in not less than 250 words 1 x 6 = 6 Marks

III. Write 4 short essay out of 6 from all module in not less than 125 words    4 x 2 = 8 Marks

MODEL QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VSEMESTER – OPEN COURSE - HINDI

**लोक साहित्य** - (LOK SAHITYA)

Course Code: 5D03 HIN

Time: 2 Hours                                                    Maximum: 20 Marks

I. कम से कम 250 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. लोकवार्ता के अध्ययन में विभिन्न विज्ञानों का क्या संबंध है?
2. हिन्दी प्रदेश की लोक-कलाओं की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालिए।

1 x 6 = 6 Marks

II. कम से कम 250 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. केरल राज्य की प्रसिद्ध लोककलाओं का परिचय दीजिए।
4. आज के युग में लोकवार्ता के अध्ययन की क्या प्रासंगिकता है?

1 x 6 = 6 Marks

III. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

5. तेय्यम।

6. दलित साहित्य और लोक कथाएँ।

7. मलयालम साहित्य में लोकगाथा।

8. कोलक्कळि।

9. नौटंकी।

10. रासलीला।

4 x 2 = 8 Marks

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**सामान्य भाषाविज्ञान** - (SAMANYA BHASHA VIGYAN)

Course Code: 6B12 HIN

No. of Credits: 4 No. of Contact Hours: 108

पाठ्यक्रम - (SYLLABUS)

मोड्यूल (1 - 20घंटे)

भाषा विज्ञान की परिभाषा - उसके प्रमुख प्रकार - समकालिक - वर्णनात्मक - संरचनात्मक – ऐतिहासिक – तुलनात्मक - वक्यविज्ञान - वाक्य का विभाजन – निकटस्थ अवयव - वाक्यों के प्रकार - वाक्य गठन में परिवर्तन - वाक्य में पदक्रम - वाक्य में पद आदि का लोप।

मोड्यूल (2- 20घंटे)

रूपविज्ञान - शब्द – पद - संबंधतत्व - संबंधतत्व के प्रकार - संबंधतत्व और अर्थतत्व का संबंध – हिन्दी में संबंधतत्व - संबंधतत्व के कार्य - रूप परिवर्तन और ध्वनि परिवर्तन में अन्तर - रूप परिवर्तन के कारण - रूपग्राम विज्ञान - रूपग्राम - संरूप - रूपध्वनिग्रामविज्ञान।

मोड्यूल (3- 20घंटे)

अर्थविज्ञान - अर्थ और अर्थ की प्रतीति - वस्तुओं के नामकरण के आधार - अर्थविज्ञान और व्युत्पत्ति - अर्थ परिवर्तन - उसकी दिशाएँ - अर्थ विस्तार - अर्थ संकोच - अर्थादेश - अर्थोपकर्ष - अर्थोत्कर्ष - अर्थ परिवर्तन के कारण - अर्थ परिवर्तन संबंधी विशेषताएँ - अनेकार्थता – एकमूलीय भिन्नार्थकता - समध्वनीय भिन्नार्थकता।

मोड्यूल (4- 20घंटे)

ध्वनिविज्ञान - औच्चारणिक ध्वनिविज्ञान – तरंगीय ध्वनिविज्ञान - श्रावणिक ध्वनिविज्ञान – ध्वनि यंत्र - उसके प्रमुख अंग – ध्वनियों का वर्गीकरण - स्वर और व्यंजन - स्वरों का वर्गीकरण - मानस्वर - श्रुति - संयुक्त स्वर - व्यंजनों का वर्गीकरण – प्रयत्न, स्थान, स्वरतंत्रि, प्राणत्व, शक्ति, अनुनासिकता, संयुक्तता-असंयुक्तता के आधार पर भेद - संयुक्त व्यंजन – ध्वनि-गुण - मात्रा - आघात - सुर - सुर के भेद - सुर-लहर – ध्वनिग्रामविज्ञान – खंड्य ध्वनिग्राम – खंड्येतर ध्वनिग्राम।

निर्धारित पुस्तकः

भाषाविज्ञान – डॉ. भोलानाथ तिवारी, किताबघर प्रकाशन, 4855/24, अंसारी मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली।

सहायक ग्रंथ :

1. भाषिकी के प्रारंभिक सिद्धान्त – डॉ. एच. परमेश्वरन, जयश्री प्रकाशन, मयूर विहार, नई दिल्ली।
2. आधुनिक भाषा विज्ञान – डॉ. राजमणि शर्मा, वाणी प्रकाशन, 21–A, दरियागंज, नई दिल्ली - 110002*

PATTERN OF QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**सामान्य भाषाविज्ञान** - (SAMANYA BHASHA VIGYAN)

Course Code: 6B12 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 40 Marks

I. 1 Long essay out of 2 from 1& 2 module (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

II. 1 Long essay out of 2 from 3 & 4 module (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

III. 3short essays out of 4 from 1& 2 module (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

IV. 3short essaysout of 4 from 3 & 4 modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

V. 8 Paragraph questions out of 10 from all modules (not less than 4 sentences) 8 x 1 = 8Marks

MODEL QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**सामान्य भाषाविज्ञान** -(SAMANYA BHASHA VIGYAN)

Course Code: 6B12 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी**एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. भाषा विज्ञान की परिभाषा लिखकर उसके प्रमुख प्रकारों पर प्रकाश डालिए।
2. रूप-परिवर्तन और ध्वनि-परिवर्तन में क्या अंतर है? समझाइए।

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी**एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।
4. व्यंजनों के प्रमुख प्रकारों पर निबंध लिखिए।

1 x 7 = 7 Marks

III. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं**तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

5. वाक्यों के प्रकार।
6. निकटस्थ अवयव।
7. हिन्दी में संबंधतत्व।

8. रूपध्वनिग्रामविज्ञान।

3 x 3 = 9 Marks

IV. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं**तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9. अर्थ-परिवर्तन के कारण।

10. स्वरों के वर्गीकरण।

11. मानस्वर।

12. उच्चारण अवयव।

3 x 3 = 9 Marks

V. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं**आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13. वाक्य गठन में परिवर्तन के कारण।

14. शब्द और पद में अन्तर।

15. घोष व्यंजन।

16. स्वरतंत्रियाँ।

17. अनुतान।

18. श्रुति।

19. अर्थादेश।

20. वाक्यों के प्रकार।

21. संयुक्त स्वर।

22. रूपध्वनिग्रामविज्ञान।

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORE COURSE - HINDI

**हिन्दी कविता** - (HINDI KAVITA)

Course Code: 6B13 HIN

No. of Credits: 4 No. of Contact Hours: 108

पाठ्यक्रम - (SYLLABUS)

मोड्यूल (1 - 35घंटे)

प्रयोगवाद – नई कविता - समकालीन कविता - स्वरूप एवं विश्लेषण – निम्नलिखित कवियों की कविताओं का विस्तृत अध्ययन।

| | | |
|---|---|---|
| अज्ञेय | - | बावरा अहेरी |
| मुक्तिबोध | - | ब्रह्मराक्षस |
| गीत फ़रोश | - | भवानी प्रसाद मिश्र |
| कविता की मौत | - | धर्मवीर भारती |

मोड्यूल (2- 20घंटे)

| | | |
|---|---|---|
| कीर्ती चौधरी | - | एकलव्य |

| | | |
|---|---|---|
| सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | - | छीनने आये हैं वे |
| धूमिल | - | मोचीराम |
| अशोक वाजपेयी | - | विलाप |
| अरुण कमल | - | उल्टा ज़माना |

## मोड्यूल (3- 18घंटे)

| | | |
|---|---|---|
| विनोद कुमार शुक्ल | - | सबसे गरीब आदमी की |
| चन्द्रकान्त देवताल | - | पत्थर की बेंच |
| लीलाधर जगूड़ी | - | बस अब और कितना |
| कात्यायनी | - | शोकगीत |

## मोड्यूल (4- 35घंटे)

| | | |
|---|---|---|
| जगदीश गुप्त | - | शंबूक |

## निर्धारित पुस्तकें :

1. हिन्दी कविता प्रयोग से समकालीन तक - एम.एस. जयमोहन (सं), लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, दिल्ली।
2. शंबूक - जगदीश गुप्त, लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली।

PATTERN OF QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**हिन्दी कविता** - (HINDI KAVITA)

Course Code: 6B13 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 40 Marks

| | | |
|---|---|---|
| I. | 1 Long essay out of 2 from 1, 2&3 module (not less than 300 words) | 1 x 7 = 7 Marks |
| II. | 1 Long essay out of 2 from module 4 (not less than 300 words) | 1 x 7 = 7 Marks |
| III. | 2annotations out of 3 from 1, 2&3 modules (not less than 125 words) | 2 x 3 = 6 Marks |
| IV. | 1annotation out of 2 from module 4 (not less than 125 words) | 1 x 3 = 3 Marks |

IV. 3 short essays out of 4 from all modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

VI. 8 Paragraph questions out of 10 from all modules (not less than 4 sentences) 8 x 1 = 8Marks

MODEL QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**हिन्दी कविता** - (HINDI KAVITA)

Course Code: 6B13 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300शब्दों में किसी**एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. ‘ब्रह्मराक्षस’ मुक्तिबोध के कवि व्यक्तित्व की पहचान की कवता है। स्पष्ट कीजिए।
2. ‘मोचीराम’ में कवि ने समाज के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को सीधे आक्रोश और तेवर के साथ प्रस्तुत किया है। समर्थन कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300शब्दों में किसी**एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. ‘शंबूक’ काव्य का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
4. दलित के परिप्रेक्ष्म में ‘शंबूक’ काव्य की विवेचना कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

III. कम से कम 125शब्दों में किन्हीं **दो** अवतरणओं की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

5. एक गलत भाषा में

गलत बयान देने से

मर जाना बेहतर है

यही हमारी टेक है।

6. सबसे गरीब बीमार आदमी के लिए

सबसे सस्ता डाक्टर भी

बहुत महंगा है।

7. मेरी वह निष्ठा

वह प्राणों की आकुल प्रतिष्ठा

जिसे अर्पित थी

तुम थे नही।

2 x 3 = 6 Marks

IV. कम से कम 125शब्दों में किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

8. वर्ण से होगा नहीं अब त्राण

कर्म से ही मनुज का कल्याण

जन्म से निश्चित न होगा वर्ण

वर्ग तक सीमित न होगा स्वर्ग

कर्म से ही श्रेष्ठता अधिकार

कर्म सब के लिए सम आधार।

9. प्रजा होने का उन्हें भी

क्या न था अधिकार

ली परीक्षा अग्नि की

फिर किया अस्वीकार।

1 x 3 = 3 Marks

V. कम से कम 125शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

10. 'बावरा अहेरी' में कवि प्रकृति के प्रति अपनी आस्था कैसे व्यक्त करते है?

11. कविता की मौत स्वीकार करने के लिए कवि तैयार नहीं है। क्यों?

12. वर्तमान सामाजिक व्यवस्था के आधार पर 'विलाप' कविता की विवेचना कीजिए।

13. 'उल्टा ज़माना' शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

3 x 3 = 9 Marks

VI. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

14. विप्र सुत की मौत कैसे होती है?

15. सीता परित्याग के संबंध में कवि का मत क्या है?

16. ब्राह्मण पुत्र की मृत्यु से लोगों की प्रतिक्रिया क्या थी?

17. शंबूक के अनुसार लोकनायक कौन है?

18. कवि अशोक कुमार वाजपेयी किस प्रकार के शहर की खोज करते हैं?

19. 'पत्थर की बेंच' किसका प्रतीक है?

20. 'ब्रह्मराक्षस' कौन है?

21. कविता बेचने के लिए कवि क्यों विवश है?

22. 'बस अब और कितना' कविता का संदेश क्या है?

7 x 1 = 8 Marks

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**हिन्दी आलोचना** - (HINDI ALOCHANA)

Course Code: 6B14 HIN

No. of Credits: 4 No. of Contact Hours: 108

पाठ्यक्रम - (SYLLABUS)

मोड्यूल (1 - 25घंटे)

आलोचना का अर्थ और स्वरूप - आलोचना के भेद - सैद्धान्तिक समीक्षा - व्यावहारिक समीक्षा – हिन्दी आलोचना - सैद्धान्तिक चिंतन – हिन्दी साहित्य में आलोचना की प्रचलित प्रणालियाँ – प्रभावाभिव्यंजनात्मक– तुलनात्मक – निर्णयात्मक – ऐतिहासिक - व्याख्यात्मक – चरितात्मक - मनोवैज्ञानिक – प्रगतिवादी - सौन्दर्यवादी - रूपवादी – पाठकीय।

मोड्यूल (2- 25घंटे)

आलोचना की समानान्तर अन्य साहित्यिक विधाएँ - अनुसंधान - साहित्येतिहास – रिव्यू – पाठालोचन - आलोचक के गुण - आधुनिक सैद्धान्तिक समीक्षा - इतिहास तथा स्वरूप - आधुनिक कवि और काव्य चिंतन – प्रसाद – पंत – निराला - महादेवी - अज्ञेय - मुक्तिबोध - लक्ष्मीकांत वर्मा, डाँ. जगदीश गुप्त।

मोड्यूल (3- 29घंटे)

समीक्षा के मानदंड - आचार्य शुक्ल और परवर्ती युग – हिन्दी की नई समीक्षा - मूल्य एवं मान - सैद्धान्तिक समीक्षा की विकासधारा - आचार्य शुक्ल से २००० तक - व्यावहारिक समीक्षा - इतिहास दृष्टि तथा प्रयोग - शुक्लपूर्व व्यावहारिक समीक्षा – हिन्दी समीक्षा और शुक्ल युग - आचार्य शुक्ल की समीक्षा की विसंगतियाँ।

मोड्यूल (4- 29घंटे)

खड़ीबोली हिन्दी के प्रसिद्ध व्यावहारिक समीक्षक – पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी - आचार्य शुक्लजी - आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी - आचार्य नंददुलारे वाजपेयी – डॉ. नगेन्द्र – डॉ. रामविलास शर्मा – प्रोफ. रामस्वरूप चतुर्वेदी - मुक्तिबोध – डॉ. नामवर सिंह – डॉ. बच्चन सिंह – डॉ. विजय देव नारायण साही।

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें:

1. हिन्दी आलोचना इतिहास और सिद्धान्त – योगेन्द्र प्रताप सिंह, वाणी प्रकाशन, 21-B, दरियागंज, नई दिल्ली –110002
2. डॉ. तारक नाथ बाली - योगेन्द्र प्रताप सिंह, वाणी प्रकाशन, 21-B, दरियागंज, नई दिल्ली –110002

PATTERN OF QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**हिन्दी आलोचना** - (HINDI ALOCHANA)

Course Code: 6B14 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 40 Marks

I. 1 Long essay out of 2 from 1&2 module (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

II. 1 Long essay out of 2 from module 3 & 4 (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

III. 3short essays out of 4 from 1& 2modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

IV. 3short essays out of 4 from 3 &4 modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

V. 8 Paragraph questions out of 10 from all modules (not less than 4 sentences) 8 x 1 = 8Marks

MODEL QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**हिन्दी आलोचना** -(HINDI ALOCHANA)

Course Code: 6B14 HIN

Time : 3 Hours | Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. हिन्दी साहित्य में प्रयुक्त आलोचना की विभिन्न प्रणालियों का परिचय दीजिए।
2. छायावादी कवियों के काव्य-चिंतन पर विस्तार से प्रतिपादन कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. सैद्धान्तिक समीक्षा की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए।
4. आचार्य नन्दु दुलारे वाजपेयी हिन्दी के समन्वयवादी समीक्षक है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

III. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

5. आलोचना का अर्थ और स्वरूप।
6. व्यावहारिक समीक्षा।
7. आलोचक के गुण।
8. साहित्य का इतिहास।

3 x 3 = 9 Marks

IV. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9. हिन्दी की नई समीक्षा।

10. शुक्ल पूर्व युग की आलोचना।

11. आचार्य नंददुलारे वाजपेयी।

12. डॉं. रामविलास शर्मा।

3 x 3 = 9 Marks

V. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13. आलोचना के प्रमुख भेद क्या-क्या हैं?

14. तुलनात्मक आलोचना और ऐतिहासिक आलोचना में क्या अंतर है?

15. पाठालोचन से क्या तात्पर्य है?

16. अनुसंधान का क्या मतलब है?

17. समीक्षा के क्या मानदंड हो सकते हैं?

18. आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी की समीक्षा पद्धति का परिचय दीजिए।

19. डॉं. नगेन्द्र किस प्रकार के समीक्षक थे?

20. शुक्लजी की समीक्षा की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए।

21. डॉं. विलासदेव नारायण साही का परिचय दीजिए।

22. आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी के महत्व पर प्रकाश डालिए।

8 x 1 = 8 Marks

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र** - (PASCHATYA SOUNDARYASASTRA)

Course Code: 6B15 HIN

No. of Credits: 4 No. of Contact Hours: 90

पाठ्यक्रम - (SYLLABUS)

मोड्यूल (1 - 20घंटे)

पश्चिमी काव्य शास्त्र का उद्भव और विकास – यूनान के दार्शनिक-त्रय, शास्त्रीय चिंतन के संस्थापक और गुरु-शिष्य परंपरा के उदात्त उदाहरण - सुकरात - अफ़्लातून - अरस्तू ।

होरास - लोंजिनस।

मोड्यूल (2- 20घंटे)

स्वच्छंदतावादी साहित्यिक सिद्धान्त - वड्र्स वर्त – कोलरिड्ज - उन्नीसवीं सदी सदी के साहित्य सिद्धान्त - माथ्यू आर्लाल्ड - वाल्टर पीटर - बीसवीं सदी के साहित्य सिद्धान्त – ऐ.ए. रिचाड्र्स - टी.एस. इलियट – एफ. आर. लेविज़ - बेनेड्टो क्रोस।

मोड्यूल (3- 25घंटे)

फ्राइड़ और उनके मनोवैज्ञानिक विश्लेषण - फ्राइड़ के बाद के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण – जाक्वज़ लुकान का मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त - मार्क्सवादी साहित्य सिद्धान्त – कार्ल मार्क्स और फ्रेड़रिक एङ्कल्ज़ – क्रिस्टफर कोड़वेल - रायमोन्ड़ विलियम्स - वाल्टर बेंजमिन – जार्ज लुकास – थियोडर अड़ार्नो - लूइज़ अल्थूस्सेर - टेर्री ईगल्टन – फ्रेड़रिक जाइम्सन।

मोड्यूल (4- 25घंटे)

सैद्धान्तिक संप्रदाय और प्रवृत्तियाँः -

कला कला के लिए और कला जीवन के लिए – प्रतीक और प्रतीकवाद – बिंब और बिंबवाद –अस्तित्ववाद - रूपवाद – नई आलोचना - संरचनावाद और चिह्नविज्ञान – विखंडनवाद और उत्तरसंरचनावाद - उत्तर आधुनिकतावाद - स्त्रीविवर्श – पारिस्थितिक विमर्श – दलित विमर्श।

निर्धारित पुस्तकें:

१. पाश्चात्य काव्यशास्त्र अधुनातन संदर्भ - सत्यदेव मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
2. काव्य चिंतन की पश्चिमी परंपरा – निर्मला जैन, वाणी प्रकाशन, 21 - B, दरियागंज, नई दिल्ली – 110002

सहायक ग्रंथ:

१. पाश्चात्य काव्य चिंतन – डां. करणाशंकर उपाध्याय, राधाकृष्ण प्रकाशन
२. पाश्चात्य काव्यशास्त्र – डॉ. तारक नाथ बाली, वाणी प्रकाशन, 21-B, दरियागंज, नई दिल्ली – 110002

PATTERN OF QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र** - (PASCHATYA SOUNDARYASASTRA)

Course Code: 6B15 HIN

Time : 3 Hours | Maximum: 40 Marks

I. 1 Long essay out of 2 from 1&2 module (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

II. 1 Long essay out of 2 from module 3 & 4 (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

III. 3short essays out of 4 from 1& 2modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

IV. 3short essays out of 4 from 3 &4 modules (not less than 125 words) 3 x 3 = 9 Marks

V. 8 Paragraph questions out of 10 from all modules (not less than 4 sentences) 8 x 1 = 8Marks

MODEL QUESTION PAPER

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**पाश्चात्य सौन्दर्यशास्त्र** - (PASCHATYA SOUNDARYASASTRA)

Course Code: 6B15 HIN

Time : 3 Hours

Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. अरस्तू के 'अनुकरण सिद्धान्त' का विवेचन करते हुए उसका महत्व तथा उसके दोष बताइए।
2. कालरिज के काव्य संबंधी विचारों को स्पष्ट करते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. काव्य तथा उसकी रचना के संबंध में फ्रायड़ के विचारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
4. उत्तर-आधुनिक साहित्य सिद्धान्त की विशेषताओं पर विवेचना कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

III. कम से कम 125शब्दों में किन्हीं**तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

5. अफ़लातून।
6. स्वच्छंदतावाद।
7. कार्ल मार्क्स।
8. होरास।

3 x 3 = 9 Marks

IV. कम से कम 125शब्दों में किन्हीं**तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9. कला कला के लिए।

10. बिंबवाद।

11. फ्रेड़रिक एङ्कल्स।

12. स्त्रीवाद।

3 x 3 = 9 Marks

V. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं**आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13. प्लेटो के कला संबंधी विचार।

14. त्रासदी की विशेषताएँ।

15. स्त्रीविमर्श।

16. उदात्तता सिद्धान्त की परिकल्पना।

17. उत्तर संरचनावाद।

18. क्रोचे का सौन्दर्य दर्शन।

19. नया विमर्श।

20. अस्तित्ववाद।

21. कालरिज।

22. वाल्टर बैंजमिन।

8 x 1 = 8 Marks

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORECOURSE - HINDI

**परियोजना कार्य** - (PARIYOJANA KARYA)

Course Code: 6B16 HIN

No. of Credits: 2 No. of Contact Hours: 36

पाठ्यक्रम - (SYLLABUS)

मोड्यूल (1 - 36घंटे)

परियोजना-कार्य की प्रस्तुति के लिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान रहे –

1. संप्रेषणीयता।
2. सुबोधगम्यता।
3. संक्षिप्तता।
4. विषयाधिष्ठिता।
5. कलात्मकता
6. सरलता।
7. निम्नलिखित अंगों या अवयवों की नितांत अनिवार्यता –

- मुख पृष्ठ (शीर्षक समेत)
- अभ्यंतर पृष्ठ (मुख पृष्ठ के समान ही)
- प्रमाण पत्र
- संक्षिप्त विवरण
- सामग्री की तालिका
- लेखक परिचय
- अध्याय
- निष्कर्ष
- संदर्भ
- परिशिष्ट

दिशा-निर्देशः

1. किसी मलयालम या अंग्रेज़ी साहित्य-कृति का हिन्दी में अनुवाद हो।
2. किसी साहित्यकार/प्रवृत्ति/आन्दोलन पर अध्ययन हो।
3. किन्हीं दो साहित्यकारों/ग्रंथों का तुलनात्मक अध्ययन जिनमें एक हिन्दी का हो।
4. नाटक, सिनेमा, लोक-कला, किसी प्रदेश का लोकवार्ता के आधार पर अध्ययन आदि हो।

## ध्यान रहें

- परियोजना कार्य कम से कम 3000 शब्दों में प्रस्तुत करना है।
- परियोजना कार्य के लिए किसी भी प्रकार की लिखित परीक्षा नहीं होगी।
- परियोजना का मूल्यांकन दो प्रकार से होगा - अभ्यंतर और बहिर्गतन ।
- अभ्यंतर मूल्यांकन विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में बनायी गयी समिति करेगी। इसमें समय-निष्ठता, विषय-सामग्रियों का उपयोग, योजना/संगठनात्मक विवरण, मौखिक परीक्षा आदि होगी। कुल मिलाकर इसके लिए 20%अंक दिया जाएगा।
- बहिर्गतन मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त समिति करेगी। विषय की प्रासंगिकता, उद्देश्य, प्रयुक्त कार्यप्रणाली, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण की गुणवत्ता, मूल्यांकन, निर्देश, मौखिक परीक्षा आदि के आधार पर करेगी। कुल मिलाकर इसके लिए 80%अंक दिया जाएगा।

PATTERN OF EVALUATION

BA HINDI LANGUAGE & LITERATURE DEGREE PROGRAMME

VISEMESTER – CORE COURSE - HINDI

**परियोजना कार्य** - (PARIYOJANA KARYA)

Course Code: 6B16 HIN

Time : 3 Hours Maximum: 20 Marks

## Guidelines for the Evaluation of Projects

**1. PROJECT EVALUATION**

1. Evaluation of the Project Report shall be done under Mark System.
2. The evaluation of the project will be done at two stages:
   a) Internal Assessment (supervising teachers will assess the project and award internal Marks)
   b) External evaluation (external examiner appointed by the University)
   c) Marks secured for the project will be awarded to candidates, combining the internal and external Marks
3. The internal to external components is to be taken in the ratio 1:4. Assessment of different components may be taken as below.

| Internal(20% of total) | |
|---|---|
| **Components** | **% of internalMarks** |
| Punctuality | 20 |
| Use of Data | 20 |
| Scheme/Organization of Report | 30 |
| | |

| External( 80% of Total) | |
|---|---|
| **Components** | **% of external Marks** |
| Relevance of the Topic, Statement of Objectives, Methodology (Reference/ Bibliography) | 20 |
| Presentation, Quality of Analysis/Use of Statistical tools, Findings and recommendations | 30 |
| Viva-Voce | 50 |
| | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Viva-Voce | 30 | | |

4. External Examiners will be appointed by the University from the list of VI semester Board of Examinersin consultation with the Chairperson of the Board

5. The chairman of the VI semester examination should form and coordinate the evaluation teams and their work

6. Internal Assessment should be completed 2 weeks before the last working day of VI$^{th}$ semester.

7. Internal Assessment marks should be published in the department.

8. In the Case of Courses with practical exam, project evaluation shall be done along with practical exams.

9. Chairman Board of Examinations, may at his discretion, on urgent requirements, make certain exception in the guidelines for the smooth conduct of the evaluation of project.

**2. PASS CONDITIONS-**

1. Submission of the Project Report and presence of the student for viva are compulsory for internal evaluation. No marks shall be awarded to a candidate if she/he fails to submit the Project Report for external evaluation.

2. The student should get a minimum of 40 % marksfor pass in the project.

3. There shall be no improvement chance for the Marks obtained in the Project Report.

4. In an instance of inability of obtaining a minimum of 40% marks, the project work may be re-done and the report may be re-submitted along with subsequent exams through parent department.


Thank You

परिशिष्ट–। कहानियाँ। पृष्ठ 1 – 30


| | | |
|---|---|---|
| 1. सलाम | ओमप्रकाश वाल्मीकी | 1 - 11 |
| 2. हम कौन हैं | रजत रानी'मीनू' | 12 - 16 |
| 3. सिलिया | सुशीला टाकभौरे | 17 – 21 |
| 4. नो बार | जयप्रकाशकर्दम | 22 – 30 |


परिशिष्ट–I। कविताएँ। 31 – 38


| | | |
|---|---|---|
| 1. नदी सुनती है | नीलोत्पल | 31 - 31 |
| 2. पिता | जितेन्द्र श्रीवास्तव | 32 - 34 |
| 3. पार्कवालीचिड़िया | मनिक बच्छावत | 35– 36 |
| 4. पृथ्वी | अनिता वर्मा | 37 – 37 |
| 5. तुम्हारा गाँव शहर हो रहा है | ए. अरविंदाक्षन | 38 – 38 |

# सलाम

**ओमप्रकाश वाल्मीकि**

शादी की रस्म पूरी होते-होते रात के दो बज गए थे। ज्यादातर बाराती सो चुके थे। गिने-चुने लोग ही दूल्हे के साथ विवाह-मंडप में मौजूद थे। कमल उपाध्याय अतिरिक्त उत्साह में हरीश के साथ हर जगह मौजूद था। घर-परिवार के सदस्य की तरह सारी व्यवस्था कमल उपाध्याय की देख़-रेख में संपन्न हो रही थी। हरीश और कमल के सम्बन्ध ही कुछ ऐसे थे।

फेरों से लौटकर वे बरामदे में ऐसी जगह तलाशने लगे, जहाँ थोड़ी देर पीठ टिकाकर पाँव सीधे किए जा सकें। छोटे-से बरामदे में एक साथ इतने सारे लोग गुड़-मुड़ होकर सोए थे। कहीं ऐसी जगह नहीं बची थी कि खुलकर लेटा जा सके।

बारात ठहराने के लिए स्कूल का बरामद ही मिल पाया था। प्रधानजी ने स्कूल खोल देने की हामी तो भर दी थी लेकिन ऐन वक्त पर हेडमास्टर कहीं रिश्तेदारी में चले गए थे। काफी भागदौड़ के बाद भी चाबी नहीं मिली थी। आखिर हारकर बारात को बरामदे में ही ठहराना पड़ा था। स्कूल में जो हैंडपंप था, एक रात पहले किसी ने उसका हत्था और वाल्व भी खोल लिए थे। पीने के पानी का और कोई इन्तजाम वहाँ नहीं था। बड़ी मुश्किल से दो मिट्टी के घड़े ही मिल पाए थे।

रोशनी के नाम पर सिर्फ अँधेरा ही था। सड़क के लैंपपोस्ट की हलकी पीली रोशनी बरामदे तक आकर अँधेरे में तब्दील हो गई थी।

हरीश ने दुल्हेपन के भार को उतारकर दीवार के सहारे पीठ टिका दी। कमल के लिए जगह बनाते हुए बोला, "थोड़ी देर कमर सीधी कर लो। थक गए होगे...तुम्हें तो यहाँ काफी अटपटा लग रहा होगा।"

कमल ने मोजे और जूते सहेजते हुए कहा, "रात भर की ही तो बात है किसी तरह गुजर जाएगी। गाँव के बारे में सिर्फ पढ़ा था। देखा आज ही है।"

"कैसा लग रहा है?" हरीश ने कमल को अपनी ओर खींचा।

"कैसा क्या...हालत दयनीय है...कितना धैर्य है लोगों में..." कमल ने गहरी साँस ली।

बरामदे के किनारे पर दो बुजुर्ग अभी तक जगे थे। रुक-रुककर बातचीत कर रहे थे। हरीश और कमल का वार्तालाप सुनकर उनकी ओर मुखातिब हुए। उनमें से एक बोला, "बेट्टे हरीश, तुम्हारा ये दोस्त पहली बार गाँव आया है क्या?"

"हाँ, ताऊ जी.." उत्तर कमल ने दिया।

"कौन बिरादर हो?" बुजुर्ग ने बात आगे बढ़ाई।

"ताऊ, क्या इतना काफी नहीं है कि यह मेरा दोस्त है और मेरी बारात में शामिल है?" हरीश ने नाराज़गी जाहिर की।

बुज़ुर्ग किसी ज़माने में अंग्रेज अफसर की सेवा-टहल में थे, जब भी मौका मिलता, दिखाने की कोशिश करते।

"मैंन्ने कोई इन्सलेट बात कही है क्या?....जो बुरा मान गए!" बुजुर्ग चुप हो गया।

"ताऊ जी...आपकी बात का बुरा क्या मानना...मैं ब्राह्मण हूँ...और कुछ पूछना हो तो पूछिए..." कमल ने विनम्रता दिखाई। बुजुर्ग ने कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया।

"सो जाओ कमल, सुबह होने में अब ज्यादा देर नहीं है।" हरीश ने बात बदलने की कोशिश की।

कमल सोने का प्रयास करने लगा। कुछ देर की खामोशी के बाद बोला, "हरीश, सो गए क्या...सुबह क्या होगा?"

हरीश की आँखों में नींद भरी हुई थी। अलसाए स्वर में बोला, "सुबह...क्या मतलब?"

"हरीश, सुबह जल्दी उठने की आदत है मेरी। चाहे रात दो बजे सोऊँ, नींद पाँच बजे ही टूट जाती है। माँ सुबह पाँच बजे से ही पूजा-पाठ में लग जाती हैं। उनकी खटर-पटर से मैं भी उठ जाता हूँ। बरसों से ऐसे ही चल रहा है। माँ सुबह-सुबह चाय बनाकर मेरे हाथ में थमा देती हैं। अब तो ऐसी आदत पड़ गई है कि यदि छह बजे तक चाय न मिले तो सिर भारी होने लगता है।" कमल ने अपनी तकलीफ सुनाई।

"यहाँ सुबह-सुबह छह बजे चाय कहाँ मिलेगी..." हरीश ने असमर्थता जताई।

बुजुर्ग ने बीड़ी सुलगा ली थी जो अँधेरे में चमक पैदा कर रही थी। कमल से बोले, "बाबू जी, गाँव के बाहर एक दुकान तो है। आप सुबह जाकर देख लेना। शायद मिल जाए।"

"आपने देखी है दुकान? कितनी दूर है?" कमल ने उत्सुकता दिखाई।

"पास ही है। शाम को मैंने वहाँ से बीड़ी का बंडल खरीदा था। सामने जो गली है उससे सीधे चलते जाना। गली खत्म होते ही सड़क है। वहीं पर एक दुकान है।" बुजुर्ग ने बताया।

सुबह उठते ही कमल चाय की तलाश में निकल पड़ा। गली लगभग सुनसान थी। इक्का-दुक्का लोग अजीब-सी बुक्कल मारे आ-जा रहे थे। रात वाली चहल-पहल कहीं दिखाई नहीं पड़ रही थी।

खड़ंजे पर फिसलन थी। नालियों में बहते पानी से बचते-बचाते वह गली के मुहाने पर एक खुली और रेतीली जगह पर आ गया। सामने ही सड़क के पार एक छप्परनुमा दुकान थी, जिसमें एक किनारे पर भट्‌टी बनी थी। भट्‌टी के साथ ही एक चबूतरा भी था। जिस पर लकड़ी के खोके में पान-बीड़ी, जर्दा, तंबाकू की थैलियाँ रखी थीं। साथ ही दो-तीन बदरंग से डिब्बे रखे थे। भट्‌टी में सुलगते कोयलों से गहरा काला धुआँ निकल रहा था, जिसका कसैलापन उसने अपने फेफड़ों में महसूस किया। दीवार पर किसी सिने तारिका का अर्द्धनग्न बदरंग कैलेंडर टँगा था, जो धूल और धुएँ के हमलों से मटमैला हो गया था।

भट्‌टी के पास ही एल्यूमिनियम की एक बड़ी-सी केतली रखी थी, जिसका रंग स्याह काला पड़ गया था। कुछ काँच के मटमैले गिलास, कप-प्लेटें और शीशे के एक जार में कुछ बिस्कुट पड़े थे। भगोना बाहर से काला और भीतर से भूरा, मटमैला दिखाई पड़ रहा था। आसपास मक्खियों के झुंड-के-झुंड भिनभिना रहे थे।

चबूतरे पर ही एक जर्जर-सा बूढ़ा आदमी मैले-चीकट कपड़ों में उकड़ूँ बैठा बीड़ी पी रहा था। उसके हाथों तथा पैरों की नसें उभरी हुई थीं, जैसे किसी ने शरीर का माँस उतारकर त्वचा हड्डियों से चिपका दी हो।

पास ही एक पुरानी-सी बेंच पड़ी थी, जिसकी हालत उस बूढ़े आदमी से भी बदतर थी। कमल ने बेंच पर बैठने की कोशिश की। बेंच चरमराई। किसी तरह अपने आपको बेंच पर टिकाकर कमल ने बूढ़े से कहा, "चाय मिलेगी?"

"मिलेगी...थोड़ा टेम लगेगा।" बूढ़े ने बीड़ी का आखिरी कश खींचा।

कमल दुकान में रखी हर चीज़ को उत्सुकता से देख रहा था। उसके ज़ेहन में माँ का खयाल आ गया। यदि इस समय घर में होता तो माँ गर्म-चाय लेकर आती। चाय बनाते समय भी माँ कोई-न-कोई श्लोक दोहराती रहती है।

धुएँ का झोंका कमल के मुँह और आँखों में भर गया। उसने जेब से रूमाल निकालकर नाक-मुँह पर रखा। कड़वाहट उसके भीतर समा गई थी।

"कितनी देर लग जाएगी चाय में...?" कमल ने जिज्ञासा की।

"बस...अभी हो जागी...भट्‌टी सुलग री है। बैट्ठो आप..." चायवाले ने आश्वस्त किया।

चाय वाला लोहे के सरिए से भट्‌टी में कोयले सँवारने लगा।

"नए दिख रहे हो बाबू जी...कहाँ से आए हो?" चायवाले ने बात शुरू की।

"देहरादून से।" कमल ने सहजता से कहा। उसका ध्यान सुलगती भट्‌टी पर टिका था।

देहरादून का नाम सुनकर चायवाला चौंका, "देहरादून से तो कल एक बारात भी आई है।" चायवाले ने प्रश्न की तरह कहा।

"हाँ, मैं उसी बारात में आया हूँ।"

"वह बारात तो चूहड़ों के घर आई है।" चायवाले की जिज्ञासा गोली में बदल चुकी थी।

"तो क्या हुआ?" कमल ने सवाल किया।

चायवाला एकदम चुप हो गया था। उसकी चुप्पी ने कमल को संशय में डाल दिया था। चायवाले के हाव-भाव बदल गए थे।

वह भट्टी के पास से हटकर इधर-उधर के काम करने लगा था। कभी इस डिब्बे को उठाकर उधर रख रहा था, कभी मटके से पानी निकालकर कनस्तर में भर रहा था। भट्टी सुलगकर लाल-लाल अंगारों में बदल गई थी। अंगारों से लपटें उठ रही थीं, लेकिन चाय बनने के आसार दिखाई नहीं पड़ रहे थे।

कमल का गला खुश्क होने लगा था।

"भट्टी तो धधक गई है। एक कप चाय बना दीजिए।" कमल ने शालीनता से कहा।

चायवाले ने वहीं से जवाब दिया, "तुझे यहाँ चाय ना मिलने की।" चायवाले की आवाज़ में रूखापन था, जिसे महसूस करते हुए कमल ने तीखेपन से पूछा, "लेकिन क्यों? अभी थोड़ी देर पहले तो आपने कहा था, चाय मिलेगी।"

"कहा था...और इब कह रहा हूँ नहीं मिलेगी..." चायवाले ने कठोरता से कहा।

कमल चायवाले के व्यवहार से चकित था। फिर भी नम्रता से बोला, "लेकिन भाई साहब हुआ क्या है?...क्या मैं पैसे नहीं दूँगा?"

चायवाला उसके ठीक सामने तनकर खड़ा हो गया। दोनों हाथ कूल्हों पर टिकाकर सीना चौड़ा करते हुए बोला, "यो पैसे सहर में जाके दिखाणा। दो पैसे हो गए जेब में तो सारी दुनिया को सिर पर ठाए घूमो...ये सहर नहीं गाँव है...यहाँ चूहड़े-चमारों को मेरी दुकान में तो चाय ना मिलती...कहीं और जाके पियो।"

कमल की नसें फड़फड़ाने लगीं। उसने चायवाले को आग्नेय नेत्रों से घूरा। आवाज़ में सख्ती भरकर बोला, "चूहड़े-चमारों को नहीं मिलती है तो किसे मिलती है?"

चायवाला उसकी बात अनसुनी करके फिर अपने काम में लग गया था। कमल को वह असभ्य वनमानुष दिखाई पड़ रहा था। उसने साहस करके पूछा, "तुम्हारी क्या जात है?"

चायवाला भभक पड़ा, "मेरी जात से तुझे क्या लेणा-देणा। इब चूहड़े-चमार भी जात पूछने लगे...कलजुग आ गया है कलज़ुग।"

"हाँ, कलजुग आ गया है, सिर्फ तुम्हारे लिए, तुम अपनी जात नहीं बताना चाहते हो तो सुनो—मेरा नाम कमल उपाध्याय है। उपाध्याय का मतलब तो जानते ही होगे या समझाऊँ...उपाध्याय यानी ब्राह्मण।" कमल ने आँखें तरेरकर कहा।

"चूहड़ों की बारात में बामन?" चायवाला कर्कशता के साथ हँसा।

"सहर में चूतिया बणाना...मैं तो आदमी कूं देखते ही पिछाण (पहचान) लूँ...कि किस जात का है?" चायवाले ने शेखी बघारी।

उनका वार्तालाप सुनकर राह चलते लोग ठिठककर मज़ा लेने लगे। सुबह-सुबह का वक्त था, देखते-ही-देखते लोग जमा हो गए। लोगों को देखकर चायवाले की बूढ़ी हड्डियों में जोश आ गया था। आवाज़ का तेवर चढ़ने लगा।

बल्लू रांघड़ का रामपाल भी भीड़ देखकर ठिठक गया। माजरा क्या है, जानने के लिए चाय की दुकान की ओर बढ़ा। बूढ़ा चायवाला किसी शहरी को फटकार रहा था। रामपाल ने छूटते ही पूछा, "चाच्चा, कोण है यो?"

रामपाल को देखते ही चायवाला और बिफर पड़ा, "चूहड़ा है। खुद कू बामन बता रा है। जुम्मन चूहड़े का बाराती है। इब तुम लोग ही फैसला करो। जो यो बामन है तो चूहड़ों की बारात में क्या मूत पीणे आया है। जात छिपाके चाय माँग रा है। मन्ने तो साफ कह दी। बुद्धू की दुकान पे तो मिलेगी ना चाय चूहड़ों-चमारों कू, कहीं और ढूँढ ले जाके।" चायवाले ने आसपास खड़े लोगों का समर्थन जुटाने की कोशिश की।

दुबला-पतला-सा रामपाल सींकिया पहलवान था। गाल पिचके हुए, हड्डियाँ उभरी हुईं। बारीक मूंछें, तेल से चीकट बाल। कुल मिलाकर ऐसा हुलिया, जिसे देखकर यह अन्दाज़ बिल्कुल नहीं हो सकता था कि इस डेढ़ हड्डी के आदमी का गाँव भर में दबदबा है।

रामपाल को देखते ही खुसर-पुसर एकदम शान्त हो गई थी। कमल भी स्वयं को चक्रव्यूह में फँसा महसूस करने लगा था। उसने आसपास खड़े लोगों पर नज़र डाली। उसने उनकी बात का विरोध करने के लिए मुँह खोला, "भाइयो...!"

बात पूरी होने से पहले ही रामपाल ने उसे डाँटा, "ओ सहरी जनखे हम तेरे भाई हैं? साले जबान सिभाल के बोल, गांड में डंडा डाल के उलट दूँगा। जाके जुम्मन चूहड़े से रिश्ता बाण। इतनी जोरदार लौंडिया लेके जा रहे हैं सहर वाले, जुम्मन के तो सींग लिकड़ आए हैं। अरे, लौंडिया को किसी गाँव में ब्याह देता तो म्हारे जैसों का भी कुछ भला हो जाता..." एक तीखी हँसी का फव्वारा छूटा। आसपास खड़े लोगों ने उसकी हँसी में अपनी हँसी मिला दी।

कमल को लगा जैसे अपमान का घना बियाबान जंगल उग आया है। उसका रोम-रोम काँपने लगा। उसने आसपास खड़े लोगों पर निगाहें डालीं। हिंसक शिकारी तेज़ नाखूनों से उस पर हमला करने की तैयारी कर रहे थे।

उसने पहली बार अखबारों में छपी उन खबरों को शिद्दत से महसूस किया, जिन पर विश्वास नहीं कर पाता था वह। फलाँ जगह दलित युवक को पीट-पीटकर मार डाला, फलाँ जगह आग में भून दिया। घरों में आग लगा दी। जब-जब भी हरीश इस तरह का समाचार कमल को सुनाता, वह एक ही तर्क दोहरा देता था।

"हरीश अपने मन से हीन-भावना निकालो। दुनिया कहाँ-से-कहाँ निकल गई और तुम लोग वहीं-के-वहीं हो। उगते सूरज की रोशनी को देखो। अपने आप पर विश्वास करना सीखो। पढ़-लिखकर ऊपर उठोगे तो सब कुछ अपने-आप मिट जाएगा।"

लेकिन इस वक्त कमल के सामने हरीश का एक-एक शब्द सच बनकर खड़ा था। सच साबित हो रहा था।

कमल ने फिर से साहस बटोरा और विरोध किया, "क्या यही है गाँव का अतिथि सत्कार? आप लोग अपने ही गाँव की लड़की के लिए ऐसी बातें कर रहे हो। क्या वह इस गाँव की बेटी नहीं है?"

कमल आगे कुछ और बोलता इससे पहले ही रामपाल अपने वजूद से ज्यादा शक्ति से चीख़कर बोला, "जा चुपचाप चला जा...वरना एक भी जिन्दा वापस ना जा सकेगा, ना वो लौंडिया ही जा पाएगी..." कमल को धक्का देकर छप्परनुमा दुकान से बाहर कर दिया रामपाल ने।

कमल कोई बावेला नहीं खड़ा करना चाहता था। सीने में उठ रहे ज्वार को उसने शान्त रखा। उसे हरीश का खयाल आ गया। वक्त की नजाकत भाँपकर चुप रह जाना ही ठीक लगा।

सड़क से उतरकर वह रेतीले रास्ते पर आ गया। उसकी रग-रग में अंगारे दहक रहे थे। लड़कों का झुंड उसके पीछे लग गया था। वे कमल को चिढ़ाने का प्रयास करने लगे।

"चूहड़ा-चूहड़ा...चूहड़ा..." वे जोर-जोर से चिल्ला रहे थे। प्रत्येक शब्द नश्तर की तरह उसके जिस्म को चीरकर लहूलुहान कर रहा था।

कमल लड़कों से बचकर गली की ओर लपका। तेज़ कदमों से लगभग दौड़ते हुए वह जनवासे में पहुँचा। उसकी साँस फूल गई थी। मूड बुरी तरह उखड़ा हुआ था। जिस्म पर अभी तक हजारों चीटियाँ रेंग रही थीं। पोर-पोर गर्म दहकते लावे-सा जल रहा था।

उसे देखते ही हरीश ने पूछा, "क्या बात है? चेहरा उतरा हुआ है?"

"कुछ नहीं...ठीक हूँ।" कमल ने गहरी साँस ली।

"कहाँ चले गए थे? बड़ी देर लगा दी। चाय का इन्तज़ाम कराया है। बस तुम्हारा ही इन्तजार था।" हरीश ने कहा।

कमल दीवार के सहारे टिककर बैठ गया। चुपचाप। जैसे विचारों की सुनसान पगडंडियों पर अकेला विचरण कर रहा हो। उसे इस तरह खामोश देखकर हरीश ने पूछा, "क्या बात है? कुछ परेशान लग रहे हो?"

"नहीं, कुछ नहीं...बस थोड़ा सिर भारी है।" कमल ने टालना चाहा।

उसके जेहन में पन्द्रह वर्ष पुरानी घटना दस्तक देने लगी, जिसकी स्मृति मात्र से ही उसके शरीर में एक लहर-सी दौड़ गई।

उस रोज़ कमल हरीश को पहली बार स्कूल से सीधा अपने घर ले गया था। पिताजी कहीं बाहर गए हुए थे।

उसने अपनी माँ से हरीश को मिलाया था। माँ ने दोनों को खाने के लिए कुछ दिया था। हरीश ने पहला कौर उठाकर मुँह में रखा ही था कि कमल की माँ ने पूछा, "बेटे, तुम्हारे पापा क्या करते हैं?"

"जी, नगरपालिका में सफाई कर्मचारी हैं।" हरीश ने सहजता से उत्तर दिया।

हरीश का जवाब सुनते ही कमल की माँ आग-बबूला हो गई थी। कमल के गाल पर एक झन्नाटेदार थप्पड़ पड़ा था।

"पता नहीं कहाँ-कहाँ से इन कंजड़ों को पकड़कर घर ले आता है। खबरदार जो आगे से किसी हरामी को दुबारा यहाँ लाया..." कमल पर यह हमला अप्रत्याशित था। वह न रोया, न कोई प्रतिरोध ही कर सका था। सिर्फ फटी-फटी आँखों से माँ के गुस्से से भरे चेहरे को देखता रह गया था।

माँ ने हरीश को भी ढेर-सी गालियाँ देकर घर से भगा दिया था। माँ की दुत्कार, फटकार से हरीश बुरी तरह आहत हुआ था। उसे पहली बार लगा था कमल और वह दोनों अलग-अलग हैं। दोनों के बीच कोई फासला है। उसे अपने पड़ोसी सुगना के शब्द याद आ रहे थे, "बेट्टे, बामन से दोस्ती रास नहीं आएगी।" लेकिन हरीश ने सुगना की बात को कभी अहमियत नहीं दी थी। कमल उसके लिए अपना था, एकदम सगा, बल्कि अपनों से कहीं ज्यादा। इस घटना ने हरीश के मन पर कई खरोंचें डाल दी थीं।

हरीश के जाने के बाद माँ लगातार बड़बड़ाती रही थी। सारा घर दुबारा धोया गया था। गंगाजल छिड़ककर जमीन पवित्र की गई थी।

कमल के बालमन में भी एक दरार पैदा हो गई थी। वह चुपचाप जाकर अपने कमरे में लेट गया था। ढेरों सवाल उसके मन को कचोट रहे थे। आखिर माँ ने ऐसा क्यों किया? क्या कमी है हरीश में? दिन भर उसने कुछ नहीं खाया था। रात में भी माँ ने बहुत समझाया था। ऊँच-नीच बताई थी। फिर भी वह चुपचाप निर्विकार मुद्रा में बैठा था। माँ के सारे दाँव उसे मनाने में हार गए थे।

"बेटे, इनके संस्कार गलत हैं, ये छोटे लोग हैं। इनके साथ बैठने से बुरे विचार मन में पैदा होते हैं..." और भी कई बातें माँ ने बताई थीं लेकिन कमल के अनुभव इन सबसे भिन्न थे।

माँ के तर्कों से जब वह ऊबने लगा तो आखिर उसने माँ से पूछ ही लिया, "तुम कभी उनके घर गई हो? उनसे मिली हो? फिर कैसे जानती हो वे बुरे लोग हैं?"

माँ अवाक् होकर कमल का चेहरा देखने लगी थी। कमल की आँखों में गुस्सा नहीं था। ऐसा कुछ था जो धीरे-धीरे बर्फ की तरह पिघल रहा था। जिसे वह पकड़ना चाहती थी, पर उसकी पकड़ में नहीं आ रहा था।

माँ ने हारकर एक समझौता कर लिया था जिसकी जानकारी हरीश को कभी नहीं हुई। हरीश के खाने-पीने के लिए कुछ बर्तन अलग रख दिए गए थे। तब से आज तक कमल एक ऐसी अँधेरी गली में चल रहा था जहाँ रोशनी का कोई कतरा दिखाई नहीं देता है। उसे हमेशा लगता है जैसे वह हरीश से विश्वासघात कर रहा है।

कमल को खयालों में डूबा देखकर हरीश ने उसे टोका, "कहाँ खो गए...लो चाय पियो...!"

एक देहाती लड़का चाय के दो गिलास थामे खड़ा था। कमल ने एक गिलास उसके हाथ से ले लिया। चाय की चुस्की लेते हुए कमल का बिगड़ा हुआ मूड बदलने लगा। चाय पीने के बाद सिरदर्द से भी थोड़ी राहत महसूस की उसने।

सूरज सिर के ऊपर चढ़ गया था। शादीवाले घर में काफी चहल-पहल थी। दोपहर के खाने में विशेष इन्तजाम किया गया था। पास के कस्बे से 'नान' और 'मीट' बनाने के लिए कारीगर बुलाया गया था। एक मोटा-ताजा बकरा काटा गया था। पके हुए 'मीट' और गर्म मसालों की महक पूरे आँगन में फैल गई थी। कुछ लोग सुबह से ही दारू पीने बैठ गए थे। काफी हो-हल्ला होने लगा था। बच्चों की चिल्ल-पों अलग थी। बड़े-बूढ़े हुक्के की गुड़-गुड़ में अपने जमाने को याद कर रहे थे। औरतों की व्यस्तता कुछ अलग थी। हरीश की सास ने पुराने कपड़ों पर एक नई ओढ़नी डाल ली थी। दूल्हे को साथ लेकर उसे 'सलाम' पर जाना था।

हरीश के पिताजी कुछ परेशान दिखाई दे रहे थे। कमल ने परेशानी का कारण जानना चाहा तो वे टाल गए। सुबह से ही कुछ चल रहा था। जिसका थोड़ा आभास कमल को होने लगा था लेकिन कोई भी उसके सामने खुलकर बात नहीं कर रहा था।

हरीश के ससुर जुम्मन ऋषिकेश में सरकारी कर्मचारी थे। परिवार गाँव में रहता था। पारंपरिक जीवन था। गाँव के कई परिवारों में साफ-सफाई का काम हरीश की सास करती थी। जुम्मन की बड़ी लड़की बाप के साथ ऋषिकेश में ही रहती थी, सरकारी मकान में। आस-पड़ोस की देखा-देखी जुम्मन ने उसे भी स्कूल भेज दिया। देखते-देखते उसने हाईस्कूल की परीक्षा पास कर ली थी। अच्छा परिवेश पाकर उसमें सुघड़ता आ गई थी। गाँव-भर की लड़कियों से अलग दिखाई पड़ती थी। वैसे इस गाँव की वह पहली लड़की थी जिसने हाईस्कूल पास किया था।

जुम्मन की घरवाली जिन परिवारों में काम करती थी, उनमें अधिकतर रांघड़ थे। गाँव-देहात के नियम-कायदे के हिसाब से हरीश को 'सलाम' के लिए विदाई से पहले राघड़ों के दरवाज़े पर जाना था। यह एक रस्म थी जिसे न जाने कितनी सदियों से निभाया जा रहा था।

हरीश के पिताजी ने साफ इनकार कर दिया था—"हम 'सलाम' पर अपने लड़के को नहीं भेजेंगे।"

रांघड़ परिवारों से कई बार बुलावा आ चुका था। बिरादरी के बड़े-बूढ़े अपने-अपने तर्क देकर ऊँच-नीच समझा रहे थे।

"बाप-दादों की रीत है, एक दिन में तो ना छोड़ी जावे है। वे बड़े लोग हैं। 'सलाम' पे तो जाणा ही पड़ेगा और फिर जल में रहकर मगरमच्छ से बैर रखना तो ठीक नहीं है। और इसी बहाने कपड़ा-लत्ता, बर्तन-भांडे भी नेग-दस्तूर में आ जाते हैं।"

हरीश ने भी स्पष्ट तौर पर कह दिया था, "मुझे न ऐसे कपड़े चाहिए, न बर्तन। मैं अपरिचितों के दरवाज़े 'सलाम' पर नहीं जाऊँगा।"

हरीश ने जब-जब भी किसी दूल्हे या दुल्हन को इस तरह दरवाज़े-दरवाज़े घूमते देखा, उसे लगता था जैसे स्वाभिमान को चिन्दी-चिन्दी करके बिखेरा जा रहा है। बाजे-गाजे के साथ घूमता दूल्हा निरीह जीव दिखाई पड़ता था। "दामाद हो या नई-नवेली दुल्हन 'सलाम' के लिए घर-घर जाने का रिवाज़ है, जो हमने नहीं पुरखों ने बनाया था। जिसे इस तरह छोड़ देना ठीक नहीं है। गाँव में रहना है। दस जरूरतें हैं।" जुम्मन ने जोर देकर कहा।

हरीश ने तीखे शब्दों में कहा, "आप चाहे जो समझें...मैं इस रिवाज़ को आत्मविश्वास तोड़ने की साज़िश मानता हूँ। यह 'सलाम' की रस्म बन्द होनी चाहिए।"

आवाज़ सुनकर कमल हरीश की ओर बढ़ा। कमल को अपनी ओर आते देखकर हरीश चुप हो गया। हरीश का चेहरा तनाव से कसा हुआ था। "क्या बात है हरीश...कुछ मुझे भी तो बताओ...!" कमल ने जिज्ञासा प्रकट की।

प्रत्येक कार्य-कलाप में कमल हरीश के साथ था, घर से लेकर यहाँ तक। लेकिन इस वक्त वह अपने आपको अलग-थलग महसूस कर रहा था।

हरीश के पिताजी ने कमल के कन्धे पर हाथ रखा, "कुछ नहीं है बेटे... आप वहाँ बैठो। सामने आँगन में नीम के पेड़ के नीचे मैंने आपके लिए एक चारपाई डलवा दी है, आराम करो, जात-बिरादरी की कुछ समस्याएँ हैं...हम निबटा लेंगे...!"

कमल को लगा जैसे वह सचमुच बाहरी व्यक्ति है, उसने कातर दृष्टि से हरीश की ओर देखा, हरीश ने आँखों के इशारे से शान्त रहने के लिए कहा। कमल जाकर चारपाई पर बैठ गया।

दोपहर होते-होते बात पूरे गाँव में फैल गई। जुम्मन के जँवाई ने 'सलाम' पर आने से मना कर दिया है। गाँव के रांघड़, बल्लू रांघड़ की चौपाल पर जुटने लगे थे। ऐसा लग रहा था जैसे जोहड़ के पानी में किसी ने कंकड़ फेंक दिए हों। गोल-गोल लहरें घूमकर किनारों तक फैल गई थीं। रांघड़ गुस्से में फनफनाए घूम रहे थे।

बल्लू रांघड़ का सीकिया पहलवान रामपाल कमल उपाध्याय को चाय की दुकान से धकियाकर चौड़ा हुआ घूम रहा था। अपनी बहादुरी का किस्सा समूचे गाँव को सुना चुका था। कैसे एक चूहड़े को उसने चाय की दुकान में जात छिपाकर चाय पीते रंगे हाथों पकड़ लिया। बराती था इसलिए छोड़ दिया। यह हरकत किसी और न की होती तो अभी तक अरथी सज रही होती। लोग सुनते और मज़ा लेते, साथ ही अपनी ओर से कुछ जोड़ देते। दोपहर तक चर्चा पूरे गाँव में फैल गई थी।

बल्लू रांघड़ हालात देखकर खुद जुम्मन के घर आया। आते ही उसने जुम्मन और उसकी घरवाली को मेहमानों के सामने ही फटकार सुनाई।

"जुम्मन तेरा जँवाई इब तक 'सलाम' पर क्यों नहीं आया। तेरी बेटी का ब्याह है तो हमारा बी कुछ हक बनता है। जो नेग-दस्तूर होता है, वो तो निभाना ही पड़ेगा। हमारी बहू-बेटियाँ घर में बैठी इन्तजार कर रही हैं। उसे ले के जल्दी आ जा..."

जुम्मन ने सिर पर लिपटा कपड़ा उतारकर बल्लू रांघड़ के पाँव में धर दिया, "चौधरी जी, जो सजा दोगे भुगत लूँगा। बेटी कू बिदा हो जाण दो। जमाई पढ़ा-लिखा लड़का है, गाँव-देहात की रीत ना जाणे है।"

"तभी तो कहूँ—जातकों (बच्चों) कू स्कूल ना भेज्जा करो। स्कूल जाके कोण-सा इन्हें बालिस्टर बणना है। ऊपर से इनके दिमाग चढ़ जांगें। यो न घर के रहेंगे न घाट के। गाँव की नाक तो तूने पहले ही कटवा दी जो लौंडिया कू दसवीं पास करवा दी। क्या जरूरत थी लड़की कू पढ़ाने की, गाँव की हवा बिगाड़ रहा है तू। इब तेरा जँवाई 'सलाम' पे जाणे से मना कर रहा है...उसे समझा दे...'सलाम' के लिए जल्दी आवे..." बल्लू ने फैसला सुनाया।

जुम्मन ने गिड़गिड़ाकर रिरियाहट भरे शब्दों में कहा, "चौधरी जी, मेरी लाज रख लो...मैं तो थारा गुलाम हूँ...मेरा तो जीना-मरना सब कुछ थारी ही गेल है। जो कहोगे करूँगा...बस करके बेटी कू विदा हो जाण दो। मैं थारे पाँव में नाक रगड़ूँ..."

बल्लू रांघड़ गुस्से में फनफनाता चल दिया। जाते-जाते चेतावनी देकर बोला, "इन सहर वालों कू कह देणा—कव्वा कबी भी हँस ना बण सके है।"

बल्लू के जाते ही कमल ने हरीश से पूछा, "कौन था यह? इस तरह डरा-धमका क्यों रहा था?" हरीश ने चुप रहने का इशारा किया। सभी भय से सहम गए थे। बल्लू रांघड़ के जाते ही विदाई की तैयारी शुरू हो गई थी। जुम्मन ने जात-बिरादरी की

स्त्रियों को हिदायत दे दी थी, "टीके की रस्म जल्दी निबटाएँ, बिना हो-हल्ले के रांघड़ कभी भी रौला कर सकते हैं।"

शादी की सारी चहल-पहल पल-भर में सन्नाटे में सिमटकर बदल गई थी। इस सन्नाटे का शोर कमल उपाध्याय को बेचैन कर रहा था। उसका दम घुट रहा था। उसने हरीश की ओर देखा। हरीश की आँखों में आत्मविश्वास और स्वाभिमान के उगते सूरज की चमक दिखाई पड़ रही थी। दोनों ने एक-दूसरे का हाथ गर्मजोशी से दबाया। आँखों-ही-आँखों में एक-दूसरे को आश्वस्त किया। नीम के पेड़ पर हरी नर्म पत्तियाँ हिल रही थीं, मानो हौंसला दे रही हों।

जल्दी-जल्दी बारात को खाना खिलाया गया। कमल और हरीश खाना खाकर नीम की छाँव में पड़ी चारपाई पर बैठ गए थे। सामने दीवार की ओर मुँह करके एक दस-बारह बरस का लड़का खड़ा था। उसके चेहरे पर गुस्से के भाव थे।

उसे ढूँढ़ते-ढूँढ़ते एक बूढ़ा आँगन में घुसा। उसके हाथ में 'नान' और 'मीट' था? "दीपू...ओ...दीपू...कहाँ है...ये लौंडा भी बहुत दिक करे है। चूहड़ों के घर पैदा होके बामनों-सी बोली बोले है।" उसे दीवार के पास खड़ा देख उसने डाँटा, "तू यहाँ छुपा खड़ा है...मैं कब से तुझे ढूँढ़ रहा हूँ। ले रोटी खा ले...ले देख कितना अच्छा मीट वणा है।" बूढ़े ने मनाने की कोशिश की।

"ना...मैं नी खात्ता...इसे खाए मेरा मूत।" लड़के ने ऐंठते हुए कहा।

"पर क्यूँ?... क्या हुआ है इसमें?" बूढ़े ने तल्खी से कहा।

"मुसलमान के हाथ की बणी रोट्टी मैं नी खात्ता।" लड़के ने दूर हटते हुए कहा।

"मुसलमान?...कोण मुसलमान?"

"वो जो गाड़ा वहाँ बैट्ठा रोट्टी बणा रा है।" लड़के ने रोटी बनाने वाले कारीगर की ओर इशारा किया।

"वो...वो तो हिन्दू है...चलकर देख ले!" बूढ़ा उसे खींचकर ले जाने लगा। लड़का घिसटते हुए बूढ़े के पीछे-पीछे जा रहा था। चीख-चीखकर कह रहा था, "नहीं ...वह मुसलमान है। मैं नी खाऊँगा उसके हाथ की बाणी रोट्टी...मैं नहीं खाऊँगा।"

"अबे, उल्लू की दुम...एक बार चलके तो देख ले। फेर कहणा।" बूढ़ा उसे घसीटकर भट्टी की ओर ले गया जहाँ 'नान' बन रहे थे। लड़के के चीख़ने की आवाज़ लगातार आ रही थी।

"नहीं...नहीं, मैं मुसलमान के हाथ की बणी रोट्टी नहीं खाऊँगा...नहीं खाऊँगा...नहीं खाऊँगा।"

कमल और हरीश फटी-फटी आँखों से उस लड़के को देख रहे थे। कुछ देर पहले जगा आत्मविश्वास लड़के की आवाज़ में दबने लगा था। कमल और हरीश दोनों खामोशी के अँधेरे जंगल में भटक गए थे। उन्होंने एक-दूसरे की ओर देखा और गहरी साँस ली।

# हम कौन है

रजत रानी 'मीनू'

"उमा, अब हमें जल्दी सो जाना चाहिए। सुबह अज्जू के स्कूल जाना है। वहीं से मैं आफिस निकल जाऊँगा।"

"ठीक है सो जाओ। हम सुबह जल्दी उठ जाएँगे। घड़ी में अलार्म लगा दिया है।" कहते हुए उमा कमरे की लाइट बंद करके सोने चल दी।

अलगे दिन धनेश्वर और उमा बेटी को लेकर समय से स्कूल पहुँच गए। वहाँ पहले से ही तीन-चार अभिभावक लाइन में लगे हुए थे। उमा क्यू में लग गई और पर्स से रुपयों की गड्डी निकाल कर धनेश्वर की ओर बढ़ाते हुए बोली—

"जब तक ये अंकल पैसा जमा कर रहे हैं। एक बार आप गिन लो। अभी देर में हमारा नंबर आएगा।"

"छोटे-छोटे मासूम बच्चों के एडमिशन में इतने सारे पैसे देते हुए हाथ कांप जाते हैं। हमारी पूरी पढ़ाई में इतना रुपया नहीं लगा।" क्यू में आगे लगा व्यक्ति बुदबुदा रहा था।

आगे वाले व्यक्ति की व्यथा सुनते ही एक अन्य सज्जन ने भी अपने मन की कसक व्यक्त की। वहाँ खड़े अभिभावक उनके चेहरों की तरफ देखने लगे। ऐसे में उमा को अपनी इंसल्ट होती महसूस हुई। फिर भी वह चुप रही। इस समय उसने नाराज़ होना उचित नहीं समझा। भले धनेश्वर का बात करने का तरीका गलत था। वह कड़वा घूंट पी कर चुपचाप फीस जमा करके काउंटर से बाहर निकल आई। बराबर के काउंटर से यूनीफार्म और किताबों का सैट भी लगे हाथों खरीद लिया।

घर आकर ढेर सारी रंगीन पुस्तकें देख कर उमा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कभी वह क्वालिटी पेपर, रंग-बिरंगे अक्षरों की छपाई देख कर खुश होती, तो कभी रंगीन-चिकनी पुस्तकें अज्जू को दिखा कर आनंदित होती, कभी यूनीफार्म पहना कर देखती तो कभी किताबों का बोझा उठवाकर। लगे हाथों उसने पुस्तकों पर कवरिंग करके उन पर नेम-स्लिप चस्पां कर दी। एक बार तो धनेश्वर को लगा कि उसने उमा को पहले कभी इतना प्रसन्न देखा नहीं।

घर के काम-काज से मुक्त हुई तो खाली समय में अज्जू के साथ बैठी। उसे 'ए' फॉर एपिल और 'बी' फॉर बॉल आदि छपे सचित्र अक्षरों को दिखा कर बोलना सिखाती रही। उमा को अपना बचपन याद हो आया कि उसने तो खुरदरी घटिया अखबारी कागज की काली-सफेद पतली किताब पढ़ी थी और तख़्ती पर पढ़ना-लिखना सीखा था। उस समय ज्यादातर सरकारी स्कूलों में वही चलती थीं। पर मामाजी और अन्य रिश्तेदारों के बच्चों के पास रंगीन, महंगे और चिकने कागज वाली सुंदर-सी पुस्तकें देखकर उसका मन ललचाता अवश्य था। वह सोच रही थी कि अपनी कमी अब अज्जू को नहीं दोहराने देगी।

सुबह जल्दी उठकर उसने अज्जू का लंच बाक्स बैग में रखकर पानी की बोतल उसके हाथ में पकड़ाई और बैग उसके कंधे पर टांग कर बस में चढ़ा दिया। वह कुछ क्षण वहीं खड़ी रफ्तार पकड़ती बस को देखती रही।

दोपहर में अज्जू की पसन्द का खाना बना कर तैयार कर लिया। आज का दिन उमा के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं था। वह अपने शरीर में अजीब सी स्फूर्ति महसूस करती हुई, 20 मिनट पहले ही स्टाप पर जाकर खड़ी हो गई। बस स्टाप पर आकर रुकी। उसमें से उतरते एक-एक बच्चे को वह ध्यान से देखती रही। एक बार को तो उसका दिल धड़क उठा कि बस से सब बच्चे उतरे, एक मेरी अज्जू कहाँ रह गई? दुबली-पतली अज्जू बस्ते के बोझ से खिंच कर सीट की साइड में फिसल गई थी। जैसे ही वह उतरी, माँ और बेटी दोनों के चेहरे एक-दूसरे को देख कर फूल की भांति खिल उठे। अज्जू मम्मी की टांगों से लिपट गई तो उमा ने भी तुरन्त उसे गोद में उठा लिया। घर पहुँचते-पहुँचते रास्ते में ढेरों सँवाल पूछती रही थी वह।

"बेटा आपको स्कूल में कैसा लगा? मैडम कैसी थीं? उन्होंने क्या-क्या पढ़ाया? लंच किया या नहीं?"

उमा के हर सवाल से बच्ची के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उमा ने यूनीफार्म बदल कर उसे खाना खिलाया। स्वयं भी खाना खाकर उसके साथ आराम करने लेटी तो मन में फिर उन्हीं खयालों की झड़ी लग गई। अज्जू के सिर पर हाथ फेरते हुए बोली–

"बेटा अज्जू, आपको स्कूल अच्छा लगा? कोई दोस्त बनी या नहीं? टीचर ने आपसे बात की? आपका नाम पूछा? आई मीन इंट्रोडक्शन हुआ आपका?" इस बार अज्जू ने जवाब दिया–

"जी मम्मी, मैडम पूछ रही थीं, 'वॉट इज योर नेम?"

"आपने क्या बताया?"

"माई नेम इज अजातिका।"

"गुड।"

"और क्या पूछा मैम ने?" उमा ने पूछा।

"वॉट इज योर सरनेम?"

"तब आपने क्या कहा?"

"मम्मी, मैंने मैडम को सरनेम बता दिया।"

उमा ने चौंककर पूछा,

"क्या बता दिया बेटा?"

"बता दिया आई एम अजातिका?"

"क्या मैडम सैटिस्फाई हुई।"

"नहीं, मैडम ने कहा, पूरा नाम बताओ?"

"मैंने पूरा नाम भी बता दिया।"

"क्या बताया?"

"अजातिका अज्जू।"

और क्या बताया?

"मम्मी, मैंने मैडम ने जो पूछा बता दिया।"

"अच्छा किया।"

"मम्मी, मैडम फिर भी बोल रही थीं।"

"क्या बोल रही थी?"

'वे बोल रही थीं कि मम्मी-पापा का सरनेम बताओ?"

"आपने क्या बताया?"

"मैंने पापा और आपका सरनेम बता दिया।"

"क्या बता दिया बेटा?" उमा ने फिर चौंक कर पूछा।

"मैंने आपका और पापा का पूरा नाम बता दिया।"

"वे मान गईं आपकी बात?"

"पता नहीं,"

"पता क्यों नहीं?"

"क्योंकि वे बोल रही थीं एक बार ठीक से पूछ कर आना अपने पापा-मम्मी से उनका सरनेम क्या है?" अज्जू की बात सुन कर उमा का चेहरा फक्क पड़ गया था। उसके हाव-भाव बदल गए थे। वह अपनी अबोध बच्ची के सामने निरूत्तर हुई खड़ी थी। उमा को चुप देख कर अज्जू ने मांग दोहराई–

"मम्मी बताओ न हमारा सरनेम क्या है? मैडम कल मुझसे फिर सवाल पूछेंगी।"

"क्यों पूछेंगी?"

"वह कह रही थी कि मम्मी से पूछ कर आना।"

"हाँ-हाँ, बताऊँगी बेटा।"

अज्जू की बातें सुन कर उमा सोचने लगी। पब्लिक स्कूल में भी सरनेम पूछा जाता है। यानी जाति पूछने का मॉडर्न तरीका। सरकारी स्कूलों के ब्राह्मणवादी संस्कारों के कर्मकाण्डी अध्यापक और ये मिशनरी स्कूलों में अंग्रेजी प्रभाव की

आधुनिक शिक्षिकाएँ, क्या फर्क है दोनों में? उमा अपने छात्र-जीवन की स्मृति में लौट गई थी। उसे शांत देखकर अज्जू ने फिर अपनी जिद दोहराई—

"मम्मी, बताओ न क्या होता है सरनेम?"

"बेटा, जब मैडम पूछें तो कहना हम सरनेम नहीं लगाते।"

दूसरे ही क्षण उसने कहा—

"अच्छा आप कुछ मत कहना। आप बोल देना कि इस संबंध में मम्मी बताएँगी, पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में आकर।"

उमा ने अज्जू को तो शांत कर दिया, किन्तु उसका मन अशांत हो गया। वह अपने आप से सवाल करती रही। जब चन्दौसी से दिल्ली आई थी, लोगों को कहते सुना था कि अब जाति खत्म हो गई है। बड़े शहरों में तो बिल्कुल ही कोई जात-पात नहीं पूछता। क्या इसी तरह शहरों में जाति समाप्त हो गई है? क्या यह सच है कि पढ़े-लिखों में जाति सक्रिय नहीं होती? या वे जाति जैसे संकीर्ण शब्द को नहीं मानते? पर स्कूलों में इन अबोध बच्चों से 'सरनेम' पूछ कर क्या किया जा रहा है? किस तरह की स्थापनाओं को मजबूत किया जा रहा है? अब तक इस तरह के प्रश्न अड़ोस-पड़ोस में पूछ कर सरनेम के बहाने जाति का पता लगाया जाता था। पर बच्चों से पहले ही दिन... वह भी पब्लिक स्कूल में... आखिर जाति-शिक्षित और अशिक्षित सभी की जिज्ञासा का मुख्य विषय क्यों है?

समय बीतता गया। अज्जू एल.के.जी. क्लास से फोर्थ स्टैण्डर्ड में आ गई। अज्जू को बड़ा होता देख कर उमा और धनेश्वर खुश होते थे। एक दिन वह स्कूल से वापस आते ही उदास लेट गई, न खाना खाया और न ही यूनीफॉर्म बदली, जो कि उसकी दिनचर्या थी। उमा ने उसको इस तरह लेटा देखा तो उसके मन में तमाम प्रश्न कौंधने लगे। उसने कमरे में आकर पूछा—"अज्जू तुम इतनी देर से कमरे में क्या कर रही थी?" अज्जू बिस्तर पर उलटी होकर सुबक रही थी। उमा ने उसे बिस्तर से उठाकर बिठाते हुए पूछा—

"क्या हुआ बेटा? ड्रेस क्यों नहीं चेंज की? मैडम ने कुछ कहा? आपको किसी गलती के लिए पनिश किया? किसी और ने कुछ कहा? प्रिंसिपल ने डांटा?"

हर प्रश्न पर गर्दन हिला-हिला कर अज्जू ने नहीं का संकेत दिया।"

उमा ने दोबारा थोड़े कड़े स्वर में पूछा—

"फिर क्या हुआ? बताओगी नहीं तो हमें पता कैसे चलेगा।" कहते हुए उसने अज्जू को हाथ के सहारे से उठा कर बिठाया। सुबकते हुए उसने बताया—

"हमारी क्लास टीचर गुप्ता मैडम आज भी बार-बार सरनेम पूछ रही थीं। मैंने बता दिया।

"अजातिका अज्जू। मेरी बात सुन कर क्लास के सब बच्चे हंसने लगे।"

"अच्छा, मैम ने उनको डांटा नहीं?"

"नहीं, मैम भी हंस रही थीं।"

"कोई बात नहीं, मैं उनसे बात करूँगी।" उसने आगे बताया–

"मम्मी, मेरी इतनी सारी फ्रेंड्स हैं। शालिनी मिश्रा, दीपिका गुप्ता, चंदिका तोमर, हबीबा बानू, गुरमीत कौर, रोज़ मैरी। इन सब से सरनेम क्यों नहीं पूछा जाता? मैम मुझसे ही क्यों बार-बार पूछती हैं?"

"बेटा, इनके नाम के आगे मिश्रा, गुप्ता, तोमर आदि सरनेम लगे हुए हैं। इसलिए नहीं पूछा होगा।"

"मम्मी, फिर मेरा सरनेम क्या है? आपने सरनेम क्यों नहीं लगाया, बताओ न? वालंयटर दीदी कह रही थीं 'जो सरनेम नहीं लगाते वे नीची जाति के होते हैं।" जात क्या होती है मम्मी? हमारा सरनेम क्या है? हम क्या हैं, कौन हैं मम्मी?"

अबोध बच्ची के प्रश्न सुन कर उमा भौंचक्का रह गई थी। वह कुछ क्षण मौन रहने के बाद बोली–

"बेटा, हम हिन्दू ही तो हैं?"

"नहीं मम्मी, हम हिन्दू नहीं हैं?"

"क्यों?"

"क्योंकि हम पूजा नहीं करते।"

"ओह!"

"तो मान लो मुस्लिम हैं, क्या फर्क पड़ता है?"

"नहीं मम्मी, हम मुस्लिम भी नहीं हैं।"

"क्योंकि हम न नमाज़ पढ़ते हैं न मस्जिद जाते हैं।"

"तो सिक्ख मान लो बेटा।"

"नहीं, हम सिक्ख भी नहीं हैं, कभी गुरुद्वारा गए हैं क्या? पापा ने केश-दाढ़ी रखाए हैं क्या?"

"हाँ, वह तो नहीं रखाए हैं।"

"तो ठीक से बताओ न मम्मी, हमारा सरनेम क्या है? हम कौन हैं?"

"तो मान लो हम क्रिश्चियन हैं।"

"अगेन रांग"

"क्यों?"

"मम्मी हम चर्च भी नहीं जाते।" प्रश्न का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उदास होकर अज्जू ने प्रश्न बदला–

"अच्छा मम्मी सब छोड़ो। मेरे एक क्वेश्चन का आनसर दो।"

"करो, क्वेश्चन करो।"

"यह बताओ, नीची जाति क्या होती है?"

उमा ने यह सब कभी सोचा ही नहीं था। तभी अज्जू ने उमा को झकझोरा।

"मम्मी, बताओ न क्या होती है नीची जाति? हम कौन हैं?"

# सिलिया

## सुशीला टाकभौरे

नानी प्यार से उसे सिलिया ही कहती थी। बड़े भैया ने अपनी शिक्षा प्राप्त सूझबूझ के साथ उसका नाम शैलजा रखा था। माँ-पिताजी की वह सिल्ली रानी थी।

सिलिया ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ रही थी। साँवली-सलोनी, मासूम-भोली, सरल और गम्भीर स्वभाववाली सिलिया स्वस्थ देह के कारण अपनी उम्र से कुछ ज़्यादा ही लगती थी। इसी वर्ष 1960 की सबसे अधिक विशिष्ट घटना घटी हिन्दी अख़बार 'नई दुनिया' में विज्ञापन छपा—'शूद्र वर्ण की वधू चाहिए'। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के जाने माने युवा नेता सेठी जी अछूत कन्या के साथ विवाह करके समाज के सामने एक आदर्श रखना चाहते थे। उनकी केवल एक ही शर्त थी कि लड़की कम-से-कम मैट्रिक हो।

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ज़िले के इस छोटे गाँव में भी विज्ञापन को पढ़कर हलचल मची थी। गाँव के पढ़े-लिखे लोगों ने, ब्राह्मण-बनियों ने सिलिया की माँ को सलाह दी, "तुम्हारी बेटी तो मैट्रिक पढ़ रही है, बहुत होशियार और समझदार भी है—तुम उसका फ़ोटो, नाम, पता ओर परिचय लिखकर भेज दो। तुम्हारी बेटी के तो भाग्य खुल जाएँगे, राज करेगी। सेठी जी बहुत बड़े आदमी हैं, तुम्हारी बेटी की क़िस्मत अच्छी है...।"

सिलिया की माँ अधिक ज़िरह में न पड़ केवल इतना ही कहतीं, "हाँ भैया जी...हाँ दादा जी।...हाँ बाई जी, सोच-विचार करेंगे।"

सिलिया के साथ पढ़नेवाली सहेलियाँ उसे छेड़ती, हँसती और मज़ाक़ करतीं—मगर सिलिया इस बात का कोई सिर-पैर नहीं समझ पाती। उसे बड़ा अजीब लगता, "क्या कभी ऐसा भी हो सकता है?"

इस विषय में घर में भी चर्चा होती। पड़ोसी और रिश्तेदार कहते, "फ़ोटो और नाम पता भेज दो।"

तब सिलिया की माँ अपने घरवालों को अच्छी तरह समझाकर कहती, "नहीं भैया, यह सब बड़े लोगों के चोंचले हैं। आज सबको दिखाने के लिए हमारी बेटी के साथ शादी कर लेंगे और कल छोड़ दिया तो हम ग़रीब लोग उनका क्या कर लेंगे? अपनी इज़्ज़त अपने समाज में रहकर ही हो सकती है। उनकी दिखावे की चार दिन

की इज़्ज़त हमें नहीं चाहिए। हमारी बेटी उनके परिवार और समाज में वैसा मान-सम्मान नहीं पा सकेगी, न ही फिर हमारे घर की ही रह जाएगी—न इधर की न उधर की—हमसे भी दूर कर दी जाएगी। हम तो नहीं देवें अपनी बेटी को हमीं उसको ख़ूब पढ़ाएँगे-लिखाएँगे। उसकी क़िस्मत में होगा तो इससे ज़्यादा मान-सम्मान वह ख़ुद पा लेगी।"

बारह साल की सिलिया डरी, सहमी-सी एक कोने में खड़ी थी और मामी अपनी बेटी मालती को बाल पकड़कर मार रही थी, साथ ही ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाकर कहती जा रही थी, "क्यों री, तुझे नहीं मालूम, अपन वा कुएँ से पानी नहीं भर सके हैं? क्यों चढ़ी तू वा कुआँ पर, क्यों रस्सी-बाल्टी को हाथ लगाया?" और वाक्य पूरा होने के साथ ही दो-चार झापड़, घूँसे और बरस पड़ते मालती पर। बेचारी मालती, दोनों बाँहों में अपना मुँह छिपाए चीख़-चीख़कर रो रही थी। साथ ही कहती जा रही थी, "ओ बाई, माफ़ कर दे, अब ऐसा कभी नहीं करूँगी।"

मामी का गुस्सा और मालती का रोना देखकर सिलिया अपराधबोध का अनुभव कर रही थी। अब अपनी सफ़ाई में बहुत कुछ कहना चाहती थी, मगर इस घमासान प्रकरण में उसकी आवाज़ धीमी पड़ जाती। मामी को थोड़ा शान्त होते देख सिलिया ने साहस बटोरा, "मामी, मैंने तो मालती को मना किया था, मगर वह मानी ही नहीं। कहने लगी जीजी प्यास लगी है, पानी पिएँगे।" मैंने कहा, "कोई देख लेगा?" तो कहने लगी, "अरे जीजी भरी दोपहरी में कौन देखने आएगा—बाज़ार से यहाँ तक दौड़ते आए हैं—प्यास के मारे दम निकल रहा है।" मामी बिफरकर बोली, "घर कितना दूर था, मर तो नहीं जाती। मर ही जाती तो अच्छा रहता—इसके कारण उसे कितनी बातें सुनानी पड़ीं।" मामी ने दुःख और अफ़सोस के साथ अपना माथा ठोंकते हुए कहा था, "हे भगवान, तूने हमारी कैसी जात बनाई।"

सिलिया नीचे देखने लगी। सच बात थी। गाडरी मुहल्ला के जिस कुएँ से मालती ने पानी निकालकर पिया था—वहाँ से बीस-पच्चीस क़दम पर ही मामा-मामी का घर था, जिसकी रस्सी-बाल्टी और कुएँ को छूकर मालती ने अपवित्र कर दिया था। वह स्त्री बकरियों के रेवड़ पालती थी। गाडरी मुहल्ले के अधिकांश घरों में भेड़-बकरियों को पालने का और उन्हें बेचने-ख़रीदने का व्यवसाय किया जाता था। गाडरी मुहल्ले से लगकर ही आठ-दस घर भंगी समाज के थे। सिलिया के मामा-मामी यहीं रहते थे। मालती सिलिया की ही हमउम्र थी। बस साल-छह महीना छोटी होगी, मगर हौसला और निडरता उसमें बहुत ज़्यादा थे। जिस काम को न करने की नसीहत उसे दी जाए, उसी काम को करके वह ख़तरे का सामना करना चाहती थी। सिलिया गम्भीर और सरल स्वभाव की आज्ञाकारी लड़की थी।

मालती को रोता हुआ देख उसे ख़राब ज़रूर लगा, मगर वह इस बात को समझ रही थी कि इसमें मालती की ही ग़लती है, "जब हमें पता है कि हम अछूत दूसरों के

कुएँ से पानी नहीं ले सकते तो फिर वहाँ जाना ही क्यों?" वह बकरीवाली कैसे चिल्ला रही थी, "ओरी बाई, दौड़ो री, जा मोड़ी को समझाओ...देखो तो, मना करने के बाद भी कुएँ से पानी भर रही है। हमारी रस्सी-बाल्टी ख़राब कर दई जाने... ।"

और मामी को उसने कितनी बातें सुनाई थीं, "क्यों बाई, जई सिखाओ हो तुम अपने बच्चों को, एक दिन हमारे मूँड़ पर मूतने को कह देना। तुम्हारे नज़दीक रहते हैं तो का हमारा कोई धरम-करम नहीं है? का मरज़ी है तुम्हारी, साफ़-साफ़ कह दो।" मामी गिड़गिड़ा रही थी, "बाई जी, माफ़ कर दो। इतनी बड़ी हो गई, मगर अक़ल नहीं आई इसको। कितना तो मारूँ हूँ, फिर भी नहीं समझे।" और मामी वहीं से मालती को मारती हुई घर लाई थीं।

"बेचारी मालती!" सिलिया सोच रही थी कि भगवान उसे जल्दी ही अक़्ल दे देंगे, तब वह ऐसे काम नहीं किया करेगी।

इसके एक साल पहले की बात है—पाँचवीं कक्षा के टूर्नामेण्ट हो रहे थे। खेल-कूद की स्पर्धाओं में उसने भी भाग लिया था। अपने कक्षा-शिक्षक और सहपाठियों के साथ वह तहसील के स्कूल में गई थी। उसकी स्पर्धाएँ आरम्भ में ही लेने से जल्दी पूरी हो गईं। वह लम्बी दौड़ और कुर्सी दौड़ स्पर्धाओं में प्रथम आई थी। वह अपनी खो-खो टीम की कैप्टन थी और खो-खो की स्पर्धा में उसी के कारण जीत मिली थी। खेल-कूद के शिक्षक गोकुल प्रसाद ठाकुर जी ने सबके सामने उसकी बहुत तारीफ़ की थी। साथ ही पूछा था, "शैलजा, यहाँ तहसील में तुम्हारे रिश्तेदार रहते होंगे, तुम वहाँ जाना चाहती हो, हमें पता बताओ, हम पहुँचा देंगे।" सिलिया मामा-मामी के घर का पता जानती थी, मगर शिक्षकों के समक्ष उनका पता बताने में उसे संकोच हो रहा था। शर्म के मारे वह नहीं बता पायी। उसने कहा, "मुझे तो यहाँ किसी का भी पता मालूम नहीं।" तब सर ने उसकी सहेली हेमलता से कहा था, "हेमलता, इसे अपनी बहन के घर ले जाओ। शाम को सभी एक साथ गाँव लौटेंगे, तब तक यह वहाँ आराम कर लेगी।" हेमलता ठाकुर सिलिया के साथ ही पाँचवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसकी बड़ी बहन का ससुराल तहसील में था। उनका घर तहसील के स्कूल के पास ही था।

हेमलता सिलिया को लेकर बहन के घर आई। बहन की सास ने हँसकर उनका स्वागत किया। हेमलता को पानी का गिलास दिया। दूसरा गिलास हाथ में लेकर सिलिया से पूछने लगी, "कौन है, किसकी बेटी है? कौन ठाकुर है?" सिलिया कुछ कह न सकी। हेमलता ने कहा, "मौसी जी मेरी सहेली है, साथ में आई है। इसके मामा-मामी यहाँ रहते हैं, मगर इसे उनका पता मालूम नहीं है।" बहन की सास उसे ध्यान से देखते हुए विचार करती रही, फिर हेमलता से जाति के विषय में पूछा। हेमलता ने धीरे से बता दिया। उसे लगा जाति सुनकर मौसी जी एक मिनट के लिए

चौंकी। पर उन्होंने अपने आप को संयत करते हुए सिलिया से पूछा, "गाडरी मुहल्ला के पास रहते हैं?"

सिलिया ने हाँ कहकर सिर झुका लिया। तब मौसी जी ने अतिरिक्त प्रेम जताते हुए कहा, "कोई बात नहीं बेटी, हमारा भैया तुम्हें साइकिल पे बिठा के छोड़ आएगा।" ऐसा कहते हुए मौसी जी पानी का गिलास लेकर वापिस अन्दर चली गई। सिलिया को प्यास लगी थी, मगर वह मौसी जी से पानी माँगने की हिम्मत नहीं कर सकी। मौसी जी के बेटे ने उसे गाडरी मुहल्ले के पास छोड़ दिया था। सिलिया रास्ते भर कुढ़ती आ रही थी। आख़िर उसे प्यास लगी थी तो उसने मौसी जी से पानी क्यों नहीं माँगकर पिया। तब मौसी के चेहरे पर एक क्षण के लिए आया भाव उसकी नज़रों में तैर गया। कितना मुखौटा चढ़ाए रखते हैं ये लोग। मौसी जी जानती थीं कि उसे प्यास लगी है, पर जाति का नाम सुनकर पानी का गिलास लौटा ले गई। "क्या वे पानी माँगने पर इनकार कर देतीं?" सिलिया को यह सवाल साल रहा था।

सिलिया को देखकर मामा-मामी मालती और सभी लोग बहुत खुश थे, बड़े उल्लास के साथ मिले थे, मगर सिलिया हेमलता की बहन की ससुराल से मिली उमस को भूल नहीं पा रही थी। शाम के समय मामा ने उसे स्कूल पहुँचा दिया था।

सिलिया का स्वभाव चिन्तनशील बनता जा रहा था। परम्परा से अलग नए-नए विचार उसके मन में आते। वह सोचती—"आख़िर मालती ने कौन-सा जुर्म किया था—प्यास लगी, पानी निकालकर पी लिया।" फिर वह सोचती—"हेमलता की मौसी जी से वह पानी क्यों नहीं ले सकी थी?—और अब यह विज्ञापन—उच्च वर्ग का नवयुवक, सामाजिक कार्यकर्त्ता जाति भेद मिटाने के लिए शूद्र वर्ण की अछूत कन्या से विवाह करेगा—यह सेठी जी महाशय का ढोंग है—आडम्बर है या सचमुच वे समाज की, परम्परा को बदलनेवाले सामाजिक क्रान्ति लानेवाले महापुरुष हैं?" उसके मन में यह विचार भी आता कि अगर उसे अपने जीवन में ऐसे किसी महापुरुष का साथ मिला तो वह अपने समाज के लिए बहुत कुछ कर सकेगी। लेकिन क्या कभी ऐसा हो सकता है? यह प्रश्न उसके मन से हटता नहीं था। माँ के यथार्थ के आधार पर कहे गए अनुभव कथन पर उसका आस्थापूर्ण विश्वास था। मध्यप्रदेश की ज़मीन में सन् 60 तक ऐसी फ़स्ल नहीं उगी थी, जो एक छोटे गाँव की अछूत मानी जानेवाली भोली-भाली लड़की के मन में अपना विश्वास जगा सके।

और फिर दूसरों की दया पर सम्मान? अपने निजत्व को खोकर दूसरों के शतरंज का मोहरा बनकर रह जाना, बैसाखियों पर चलते हुए जीना—नहीं कभी नहीं! सिलिया सोचती—"हम क्या इतने भी लाचार हैं, आत्मसम्मान रहित हैं, हमारा अपना भी तो कुछ अहं भाव है। उन्हें हमारी ज़रूरत है, हमको उनकी ज़रूरत नहीं। हम उनके भरोसे क्यों रहें। पढ़ाई करूँगी, पढ़ती रहूँगी, शिक्षा के साथ अपने व्यक्तित्व को भी बड़ा बनाऊँगी। उन सभी परम्पराओं के कारणों का पता लगाऊंगी, जिन्होंने उन्हें

अछूत बना दिया है। विद्या, बुद्धि और विवेक से अपने आपको ऊँचा सिद्ध रहूँगी। किसी के सामने झुकूँगी नहीं। न ही अपमान सहूँगी।"

इन बातों का मन-ही-मन चिन्तन-मनन करती सिलिया, एक दिन अपनी माँ और नानी के सामने कहने लगी, "मैं शादी कभी नहीं करूँगी।"

माँ और नानी अपनी भोली-भाली बेटी को ध्यान से देखती रह गईं। नानी खुश होकर बोली, "शादी तो एंक-न-एक दिन करना ही है बेटी, मगर इसके पहले तू ख़ूब पढ़ाई कर ले, इतनी बड़ी बन जा कि बड़ी जात के कहलानेवालों को अपने घर नौकर रख लेना।"

माँ मन-ही-मन मुस्करा रही थी। सोच रही थी, "मेरी सिल्लो रानी को मैं ख़ूब पढ़ाऊँगी। उसे सम्मान के लायक़ बनाऊँगी।"

# नो बार

## जयप्रकाश कर्दम

वाण्टेड सूटेबल ग्रूम फ़ॉर एम.ए., 25 ईयर्स, 158 सेण्टीमीटर, व्हीटिश, स्लिम, शार्प फ़ीचर्ड, ब्यूटीफुल गर्ल, एक्सपर्ट इन हाउस होल्ड, हाइली एजुकेटेड प्रोग्रेसिव फ़ैमिली, कास्ट नो बार—'टाइम्स ऑफ़ इण्डिया' के मैट्रिमोनियल्स कॉलम पर नज़र दौड़ाते हुए उसकी नज़रें इस विज्ञापन पर ठहर गईं। दो-तीन बार उसने इस विज्ञापन को पढ़ा और पेन से उस पर एक निशान लगाने के बाद वह कुछ देर तक पेन को अपनी उँगलियों में नचाता रहा और फिर पेन को मेज़ पर रखकर सोफ़े में लगभग धँसते हुए विज्ञापन के विषय में सोचने लगा।

जिस तरह की शिक्षित, सुन्दर और स्मार्ट लड़की वह चाहता था, यह लड़की उसके एकदम अनुकूल थी। वह प्रगतिशील विचारों का था और चाहता था कि उसकी पत्नी भी प्रगतिशील विचारों की हो। अन्तर्जातीय विवाह की बात वह तभी से सोचने लगा था, जब वह यूनिवर्सिटी में पढ़ता था। बाद में नौकरी में आने के बाद उसने अपना पक्का मन बना लिया था कि वह शादी किसी योग्य लड़की से ही करेगा, चाहे वह अपनी जाति की हो या किसी अन्य जाति की।

विज्ञापन से पूरी तरह सन्तुष्ट हो जाने पर उसने पेन उठाया और उस मैट्रिमोनियल्स के जवाब में पत्र लिखने बैठ गया। पत्र में अपना बॉयोडाटा—शिक्षा, उम्र, स्वास्थ्य, लम्बाई, रंग-रूप, नौकरी, वेतन, शौक़, अभिरुचि से लेकर माता-पिता, गाँव आदि तक यानी अपने निजी और परिवार के बारे में सब ज़रूरी बातें उसने लिखीं। जाति के बारे में लिखते-लिखते वह अटक गया। एक बार उसका मन हुआ कि उसको अपनी जाति का उल्लेख भी कर देना चाहिए। उसने सोचा यह ठीक है कि सामनेवाले के लिए जाति कोई बन्धन नहीं है, लेकिन फिर भी अपनी ओर से जाति का उल्लेख कर देने में क्या बुराई है। जब पूरा विवरण लिखकर भेजा ज़ा रहा है तो यथासम्भव अपने से सम्बन्धित सब जानकारियाँ पूर्ण और स्पष्ट रूप से लिखकर भेजनी चाहिए। लेकिन तुरन्त यह सोचकर कि, "जब विज्ञापनदाता जाति की भावना से पहले ही मुक्त है तो उसके लिए अपनी जाति लिखने का क्या औचित्य है। ऐसे में अपनी ओर से जाति का उल्लेख करना हल्कापन होगा।" और यह विचार कर उसने जाति का विवरण लिखते-लिखते काट दिया था।

पहले वह हर रविवार को केवल मैट्रिमोनियल्स पढ़ने के लिए कई-कई अख़बार ख़रीदता था और कई-कई घण्टे विज्ञापनों में उलझा रहता था। लेकिन इस विज्ञापन के बाद उसने पत्र-पत्रिकाओं में मैट्रिमोनियल्स के विज्ञापन देखने बन्द कर दिए थे, उसकी तलाश जैसे ख़त्म हो गई थी। उसे विश्वास था कि उसके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाएगा। उसका वह सोचना अपनी जगह पर सही भी था, क्योंकि वह एम. एस-सी. पास आयकर अधिकारी था। शरीर से भी स्वस्थ, सुन्दर और आकर्षक था। वह हर तरह से किसी भी मिडिल क्लास फ़ैमिली की लड़की के साथ विवाह हेतु उपयुक्त था।

क़रीब डेढ़ सप्ताह बाद ही उसे अपने पत्र का जवाब मिला। लड़कीवालों ने उसे अपने घर आमन्त्रित किया था। वह उनके घर पहुँचा। लगभग एक घण्टे तक वह वहाँ रहा। उसने लड़की को देखा। जैसा विज्ञापन में उल्लेख था, लड़की बिलकुल वैसी ही थी बल्कि उससे भी कहीं ज़्यादा सुन्दर और सौम्य। पहली नज़र में ही लड़की उसे भा गई थी। उसका मन किया कि वह तुरन्त हाँ कह दे, लेकिन लड़की के पिता ने जैसे उसके मन की बात भाँप ली हो, उन्होंने कहा, "देखिए राजेश जी, हम बड़े खुले विचारों के आदमी हैं। जाति-पाँति, धर्म-सम्प्रदाय किसी प्रकार के बन्धन को हम नहीं मानते। ये सब बातें पिछड़ेपन का प्रतीक हैं। हमारे परिवार में जितनी भी शादियाँ हुई हैं, वे सब अन्तर्जातीय हुई हैं। अब देखो मैं ब्राह्मण हूँ और मेरी पत्नी कायस्थ परिवार से है। हमारी बड़ी बेटी की शादी अग्रवाल लड़के के साथ हुई है और हमारे घर में जो बहू आई है, वह पंजाबी क्षत्री है। हमारी नज़र में लड़का और लड़की एक-दूसरे को अच्छी तरह देखें, परखें और बातचीत करें। यदि वे दोनों एक-दूसरे को पसन्द करते हैं, एक-दूसरे से सन्तुष्ट होते हैं और उन्हें लगता है कि वे एक-दूसरे के साथ एडजस्ट कर सकते हैं, बस यह काफ़ी है। इसके अलावा सब चीज़ें गौण हैं। वैसे भी विवाह जन्म-भर का बन्धन होता है, इसके बारे में निर्णय अच्छी तरह परख-पड़ताल करके और पूरी तरह सन्तुष्ट होने के बाद ही लिया जाना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोई जल्दबाज़ी नहीं की जानी चाहिए। आप दोनों पढ़े-लिखे हैं। समझदार हैं। अपना भला-बुरा अच्छी तरह समझते हैं। इसलिए हम चाहेंगे कि कोई भी निर्णय लेने से पहले आप दोनों आपस में बातचीत करें, एक-दूसरे को जानें-समझें। इसके लिए आप पूरा समय लें। एक बार नहीं, दो बार, तीन बार, चार बार, आप मिलें, लेकिन जो भी निर्णय लें, पूरी सन्तुष्टि के बाद ही लें। मैं समझता हूँ आप भी मेरे विचारों से सहमत होंगे।" उन्होंने प्रश्नसूचक दृष्टि से राजेश की ओर देखा।

उनकी यह बात राजेश को बहुत उपयुक्त लगी थी। उसने उनके विचारों के प्रति अपनी सहमति जताई, "जी हाँ, आप ठीक कहते हैं। मैं आपके विचारों से पूरी तरह सहमत हूँ।"

उस दिन चाय पीकर और थोड़ी देर ठहरकर वह चला गया था। उसके बाद कई बार लड़की के साथ डेटिंग पर उसकी मुलाक़ात और बातचीत हुईं। जैसे-जैसे उनकी बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ रहा था, वे औपचारिकता के आवरण से बाहर निकल अनौपचारिक होने लगे थे और एक-दूसरे के काफ़ी नज़दीक आ रहे थे।

पिछली मुलाक़ातों की तरह उस दिन भी वे मिले। कई घण्टे वोट क्लब की नर्म हरी घास पर बैठे बतियाते रहे। एक-दूसरे की आँखों में झाँकते, दिल-से-दिल का संवाद जोड़ते, एक-दूसरे को गुदगुदाते रहे। दूब के तिनकों को दाँतों से कुचलते या उनसे दाँतों को कुरेदते विचार-सागर में उठते-गिरते रहे। भावी जीवन का खाका बनाते, उसमें जोड़-घटाव करते रहे। सिर पर टोकरी रखे चने-मूंगफली बेचनेवाले हॉकर, हाथों में हाथ डाले पास से गुज़रते हुए जोड़े, पेड़ों की शाखाओं पर चहचहाते पक्षी और सामने राजपथ की चिकनी सड़क पर धुआँ छोड़ते वाहनों की आवाज़ से कभी-कभी उनका ध्यान उचटता, लेकिन क्षणभर पश्चात् ही वे फिर से अपनी बातों में तल्लीन हो जाते।

"शादी के बाद हनीमून मनाने कहाँ चलोगे?" लड़की का प्रश्न था।

"नैनीताल, मसूरी, कहीं भी, जहाँ तुम चाहो।" उसने तपाक से कहा।

"ऊँह, ये भी कोई जगहें हैं, हनीमून के लिए।" लड़की ने मुँह बिचकाया, "ये तो इतनी नज़दीक हैं कि वहाँ तो कभी भी जाया जा सकता है।"

"तो कुल्लू-मनाली चले चलेंगे।" उसने विचार रखा।

"नहीं, कुल्लू-मनाली भी नहीं। वहाँ तो मैं जा चुकी हूँ। हनीमून के लिए किसी नई जगह पर चला जाए। साउथ में कैसा रहेगा? साउथ में कभी गई भी नहीं हूँ मैं। मेरी एक फ्रेंड ऊटी गई थी हनीमून के लिए। कहती है ऊटी बहुत प्यारी जगह है।" और कहकर उत्सुकतापूर्ण दृष्टि से उसने राजेश की ओर देखा।

"तो ऊटी चले चलते हैं।" उसने लड़की के साथ सहमति जताई।

"चले चलते हैं तो ऐसे कह रहे हो, जैसे अभी ही जा रहे हो। अरे, पहले शादी हो जाए, तभी ही तो कहीं चलोगे।" लड़की ने प्यार भरे अन्दाज़ में कहा।

"शादी होने में अब देर कितनी है। तुम मुझे पसन्द करती हो और मैं तुम्हें। क्यों है न?" उसने लड़की की आँखों में झाँका।

"इसमें भी कुछ शक है।" उत्तर में लड़की ने प्रश्न किया।

"तो फिर तुम अपने माता-पिता को जाकर अपनी राय बता दो, जल्दी से कोई तारीख़ तय करके शादी कर लेते हैं। क्यों क्या ख़याल है।"

"हाँ, मैं आज ही जाकर मम्मी-पापा को जाकर अपनी राय बता दूँगी कि तुम मुझे पसन्द हो।"

उस दिन सुबह देर तक वे एक-दूसरे के साथ रहे। अन्त में शीघ्र ही एक-दूसरे के साथ विवाह-बन्धन में बँधने की आशा और उमंग के साथ वे दोनों अलग हुए

अपने कमरे में आकर भी देर रात तक राजेश इस लड़की को लेकर अपने भावी जीवन के बारे में सोचता रहा था।

"भले ही अपने भविष्य के बारे में निर्णय मुझे खुद लेना है और ले लिया है, फिर भी माता-पिता ने मुझे पढ़ाया-लिखाया है, मेरे लिए इतने कष्ट सहे हैं, मुझे उनका मान-सम्मान भी रखना चाहिए। मुझे उनको भी बताना चाहिए कि मैंने अपने लिए लड़की ढूँढ़ ली है। वे कितने खुश होंगे।" मन में यह विचार कर उसी हफ़्ते छुट्टी लेकर वह अपने माता-पिता से मिलने गाँव चला गया था।

पिछले काफ़ी दिनों से माता-पिता उसको शादी के लिए बार-बार टोकने लगे थे। पिछली बार वह घर गया था तो पिताजी ने उससे कहा था, "देखो बेटा, हर काम का एक टैम होता है। टैम पर ही सब काम अच्छे लगते हैं। शादी-ब्याह की भी एक उमर होती है। तुम ख़ूब पढ़-लिख गए हो, दो पैसे का हिल्ला भी लग गया है। अब तुम्हें शादी कर लेनी चाहिए।"

और माँ ने कहा था, "बेटा, म्हारी जिनगी की तै अब साँझ है। पके पाँव है म्हारे, आज मरे कल कू दूसरा दिन। तेरी और सै आत्मा हर तरह सै परसन्न है। बस एक ही कमी है। जल्दी सै घर में लिच्छमी आ जावै तै आँख बन्द होने सै पहले पोती-पोता का मुँह देख लूँ।"

"चलो, माता-पिता की इच्छा अब पूरी हो जाएगी।" उसने सोचा।

घर पहुँचकर उसने माता-पिता को यह ख़बर सुनाई कि उसने उनके लिए एक बहू देख ली है और लड़की बहुत सुन्दर, पढ़ी-लिखी और अच्छे परिवार की है, तो दोनों बहुत खुश हुए थे। माँ ने ज़मीन चुचकारी थी और शीतला देवी को याद किया था, "शीतला मइया, तू बड़ी दयालु है। जैसे तैनें म्हारी अब तक सुनी है, आगे भी सुनिए।"

बातचीत के दौरान पिताजी ने जानना चाहा था, "लड़कीवाले कहाँ के रहनेवाले हैं?"

"यह मुझे पता नहीं।" राजेश ने कहा।

"क्यूँ? तुमने पूछा ही नहीं उनसे।" पिताजी ने पूछा।

"नहीं, मैंने पूछा ही नहीं, पर कहीं के भी हों, आदमी बड़े अच्छे हैं। सवर्ण हैं, पर जाति-पाति को तनिक भी नहीं मानते।"

"क्या?" चौंके थे पिताजी यह सुनकर, "क्या वे अपनी बिरादरी के नहीं हैं?" आशंका भरी जिज्ञासा के साथ उन्होंने पूछा।

"नहीं, पर आदमी बहुत अच्छे हैं।" राजेश ने उनकी जिज्ञासा को शान्त करने की कोशिश की।

"सो तो ठीक है बेटा, पर क्या उनको पता है कि तुम किस जात के हो?" इस बार उनकी आवाज़ कुछ दबी हुई थी।

"नहीं, न उन्होंने कभी पूछा और न कभी ऐसा मौक़ा ही आया कि मैं उन्हें बतलाता। दरअसल जाति-पाति और भेदभाव का यह रोग अनपढ़ लोगों में ही है, पढ़ा-लिखा समाज कहाँ जाति को मानता है? पढ़े-लिखे और शिक्षित समाज में व्यक्ति को जाति से नहीं उसकी शिक्षा, योग्यता और आर्थिक स्थिति के आधार पर जाना और माना जाता है और फिर जब सवर्ण लोग स्वयं जाति के भेदभाव से ऊपर उठकर हमारे साथ घुल-मिल रहे हैं तो हमारे द्वारा अपनी ओर से जाति का ज़िक्र करने का कोई औचित्य नहीं है।" उसने पिताजी को समझाया।

"बेटा, मैं अनपढ़ गँवार आदमी हूँ, ज्यादै नहीं जानता। तुम जिन लोगों की बात कर रहे हो उनके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, पर दुनियादारी को जो थोड़ा-बहोत मैंने देखा है, उसके आधार पर मेरा सुझाव है कि वे ना पूछें तब भी तुम्हें अपनी सै उनकू अपनी जात बता देनी चाहिए।"

"बिना पूछे यदि मैं उनको अपनी जाति बताऊँगा तो यह मेरा पिछड़ापन होगा। पिताजी, दुनिया इक्कीसवीं सदी की ओर बढ़ रही है। पुरानी मान्यताओं और विश्वासों का महत्त्व ख़त्म हो रहा है। आज केवल उन्हीं बातों का अर्थ और महत्त्व है, जो बातें प्रासंगिक हैं, जो संकीर्णताओं से ऊपर तथा प्रगतिवाद से जुड़ी हुई हैं। आप जिस दुनियादारी की बातें कर रहे हैं, वह पुरानी लीक को पीटनेवाली अनपढ़ लोगों की दुनिया है। वही जाति-पाति के झमेले में पड़ी हुई है। हमारे लिए तो यह सौभाग्य की बात है कि हमारा सम्बन्ध एक ऐसे परिवार से हो रहा है, जो इतना शिक्षित, सभ्य और प्रगतिशील है।"

"तुम पढ़े-लिखे हो, दुनिया को देखते हो। अपना भला-बुरा अच्छी तरह समझते हो। तुम जो भी करोगे, ठीक ही करोगे। यदि तुम्हें अच्छा लग रहा है, तुम्हारा मन ठुक रहा है तो हमारे लिए भी अच्छा है। तुम्हारी ख़ुशी में ही हमारी ख़ुशी है।" और इतना कहकर वह चुप हो गए थे।

माता-पिता की सहमति ले राजेश शहर लौट आया था। लड़की ने भी अपने माता-पिता को बतला दिया था कि उसे राजेश पसन्द है।

अभी तक सब कुछ अनौपचारिक तरीक़े से हो रहा था। अब बात औपचारिक रूप से आगे बढ़नी थी। बात को औपचारिक रूप से अन्तिम रूप देने के लिए लड़की के पिता ने एक दिन राजेश को फ़ोन कर कहा, "मैं समझता हूँ कि अब किसी दिन मिल-बैठकर हमें बात को अन्तिम रूप देना चाहिए। आप चाहें तो हम आपके पास आ सकते हैं। लेकिन चूँकि आप अकेले हैं और आपको कुछ असुविधा हो सकती है। इसलिए आपको बुरा न लगे तो आप हमारे घर ही आ जाएँ।"

"नहीं-नहीं, इसमें बुरा लगने की क्या बात है। आप जब भी चाहेंगे, मैं आपके घर आ जाऊँगा।"

"तो फिर शाम को ही आ जाइए, कोई और प्रोग्राम न हो तो।"

"ठीक है, मैं आ जाऊँगा।"

उस दिन शाम को ऑफ़िस से निकलकर वह सीधा लड़कीवालों के घर पहुँचा। परिवार के सभी सदस्य ने गर्मजोशी के साथ उसका स्वागत किया। उसने महसूस किया कि पहली बार जब वह उनके घर आया था, तब सब कुछ जितना असहज और औपचारिक था, आज उतना ही सहज और अनौपचारिक था। परिवार के सब लोग उससे खुलकर बात कर रहे थे। यूँ पिछली बार भी चाय के साथ बिस्कुट, नमकीन और मिठाई सर्व की गई थी, लेकिन इस बार इन सबके अलावा काजू, तिलगोजे और अन्य कई प्रकार के मेवे और मिठाइयों से मेज़ सजी हुई थी।

काफ़ी देर तक राजेश और लड़की के माता-पिता के बीच इधर-उधर की बातें होती रहीं। लड़की के पिता राजेश से उसके विभाग और सेवा के बारे में जानकारी लेते रहे और रिटायरमेण्ट से पूर्व के, कार्यालय के अपने अनुभव सुनाते रहे। लड़की की माँ राजेश को भावी दामाद के रूप में देख रही थी और बड़े स्नेह और ममत्व से उसकी ओर देखते हुए, "यह लो बेटा, यह लो, और लो।" कह-कहकर उसको कभी मिठाई, कभी मेवे और कभी नमकीन खिलाए जा रही थी। लड़की के पिता भी, "लो बेटा, हाँ-हाँ, और लो" कहकर कभी एक और कभी दूसरी प्लेट उसकी ओर सरका रहे थे।

उनके उस स्नेह और आत्मीयता से राजेश का मन बहुत अभिभूत था। वह स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली समझ रहा था कि उसे इतने अच्छे और आत्मीय लोग मिले हैं। उसने सोचा, "यदि सब लोग इस तरह के हो जाएँ तो दुनिया कितनी अच्छी हो जाए, यह धरती स्वर्ग बन जाए।"

हालाँकि अनौपचारिक रूप से लड़की के ज़रिए उसके माता-पिता को यह पता चल गया था कि लड़का और लड़की दोनों एक-दूसरे को पसन्द करते हैं और एक-दूसरे के साथ विवाह करने को सहमत हैं। किन्तु बातचीत के दौरान उन्होंने औपचारिक रूप से भी राजेश की राय पूछी, "राजेश जी, मैं समझता हूँ आपने अनिता को काफ़ी कुछ देख और समझ लिया होगा और अब अपनी राय व्यक्त कर सकने की स्थिति में होंगे। क्या राय है आपकी।"

"जी अनिता बहुत अच्छी हैं।"

"क्या आप उसे पसन्द करते हैं?"

"जी, जी हाँ।" संकोच के साथ उसने कहा।

"ख़ुशी हुई आपसे यह जानकर। अनिता भी आपको पसन्द करती है। बड़ी तारीफ़ की है उसने आपकी। चलो अच्छी बात है, आप दोनों एक-दूसरे को पसन्द करते हैं। मैं समझता हूँ, अब हमें सगाई का कोई दिन निश्चित कर लेना चाहिए और आप सगाई कहाँ कराना चाहेंगे, यहीं पर या गाँव में, यह भी आप देख लें।"

"जी, मैं चाहूँगा कि आप एक बार गाँव चले चलें तो अच्छा होगा। वहाँ मेरे माता-पिता हैं। हालाँकि निर्णय तो मुझे ही लेना है और मैं ले चुका हूँ, लेकिन फिर भी आप ज़रा वहाँ तक चलेंगे तो उनका सम्मान रह जाएगा।"

"हाँ-हाँ, क्यों नहीं। यह भी कोई कहने की बात है। बड़ों का सम्मान पहली बात है, उनका सम्मान तो होना ही चाहिए। हम आपके गाँव चलेंगे, बताओ कब चलें?"

"वह मैं आपको बाद में बतला दूँगा। पहले मुझे अपने गाँव ख़बर भिजवानी होगी। आप जानते ही हैं, दो-चार रिश्तेदार भी ऐसे मौक़े पर आते ही हैं।"

"हाँ-हाँ, बिलकुल। आप ख़बर भिजवाइए और जो भी आपको उपयुक्त लगे, वह दिन और तारीख़ हमें बता दीजिए, हम उसी दिन आपके गाँव चलेंगे।"

"जी ठीक है। अब आप इजाज़त देंगे, मैं चलना चाहूँगा।"

"नहीं-नहीं, खाना खाए बिना आप नहीं जाएँगे। थोड़ी देर बैठिए, खाना तैयार हुआ जाता है। खाकर ही अब आप जाएँगे।" कहकर उन्होंने आवाज़ लगाई, "बहू, जल्दी से खाना तैयार करवाओ।" उनके इस प्यार और आग्रह के आगे कुछ नहीं कह सका राजेश।

किचेन में बर्तनों की खटर-पटर शुरू हो गई थी। लड़की की माँ भी उठकर अन्दर चली गई थी। राजेश और लड़की के पिता के बीच ज़रूरी बात हो चुकी थी। किन्तु राजेश बोर न हो, इसलिए समय व्यतीत करने के लिए कुछ-न-कुछ बातचीत ज़रूरी थी। चर्चा के लिए राजनीति सबसे गर्म विषय था, अतः लड़की के पिता ने राजनीति पर ही चर्चा शुरू की, "क्या पोज़ीशन है इलेक्शन की?"

"कुछ क्लीयर नहीं है। लगता है इस बार भी हंग पार्लियामेण्ट रहेगी।"

"और फिर सालभर के भीतर देश को दोबारा चुनाव की त्रासदी झेलनी पड़ेगी।"

"लगता तो यही है। क्लीयर मैजॉरिटी गेन करने की किसी भी पार्टी को कोई पॉसिबलेटी नज़र नहीं आ रही है। बीजेपी को सबसे ज़्यादा सीटें मिल जाएँगी, लेकिन 200 से ऊपर वह भी शायद ही जा पाए। इसलिए अधिक चांसेज हैं कि कोलीशन गवर्नमेण्ट बनेगी।"

"वो तो है पर गवर्नमेण्ट बनेगी किसकी और चलेगी कितने दिन? मैं नहीं समझता ऐट प्रजेण्ट बीजेपी के अलावा और कोई पार्टी स्थाई सरकार दे सकती है।"

"लेकिन सरकार का स्थाई होना ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि ज़रूरी यह है कि समाज और राष्ट्र के प्रति उसका दृष्टिकोण भी स्वस्थ, सकारात्मक और प्रगतिशील हो। बी.जे.पी. के बारे में यह धारणा है कि उसकी सोच साम्प्रदायिक और विघटनकारी है। मुस्लिम और दलित बी.जे.पी. को लेकर सशंकित हैं। उनको लगता है कि बी.जे.पी. की सरकार का रुख़ उनके प्रति सकारात्मक नहीं रहेगा। मुस्लिम तो ख़ैर बी.जे.पी. को वोट देंगे ही नहीं, जहाँ तक दलितों का सवाल है, वे स्वयं पिछड़ों के साथ मिलकर सत्ता में आने के लिए जोड़-तोड़ कर रहे हैं। बिहार में लालू और यू.पी. में मुलायम और मायावती बी.जे.पी. के रास्ते में सबसे बड़े हर्डल हैं।"

"बी.जे.पी. क्या? ये समाज के रास्ते में हर्डल हैं। ये सब जातिवाद फैला रहे हैं, समाज को तोड़ रहे हैं। जाति की राजनीति कर रहे हैं।" और फिर एक क्षण रुककर, "अच्छा-ख़ासा सब कुछ चल रहा था, समाज प्रोग्रैसिव हो रहा था। जातिवाद अपनी मौत मर रहा था, लेकिन वी.पी. सिंह के बच्चे ने मसीहा बनने के चक्कर में मण्डल कमीशन लागू कर जातिवाद का फिर से ज़िन्दा कर दिया। कोई देश की बात नहा करता, सब अगड़े-पिछड़ों की बात करते हैं। लालू और मुलायम की तो फिर भी गनीमत है। काशीराम और मायावती को देखो, ये तो बिना जाति के बात ही नहीं करते। वी.पी. सिंह ने आग लगाई, ये आग में घी डालकर उसे भड़का रहे हैं।"

"नहीं ऐसा तो नहीं है कि कांशीराम और मायावती जातिवाद को भड़का रहे हैं। जातिवाद तो समाज में पहले से रहा है। हर चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर मन्त्रिमण्डल के गठन तक सब जगह जाति का फ़ैक्टर काम करता है। हाँ, कांशीराम मायावती या दूसरे नेताओं के आने से इतना अन्तर अवश्य आया है कि पहले दलितों की अपनी पार्टी नहीं होती थी, इसलिए उनका वोट काँग्रेस या दूसरी पार्टियों को जाता था, लेकिन आज उनकी अपनी पार्टी है और वे अपनी पार्टी को वोट दे रहे हैं।"

राजेश के साथ बातों से लड़की के पिता को लगा कि, 'यह लड़का जिस तरह की ज़बान बोल रहा है, कहीं यह शेड्यूल्ड कास्ट तो नहीं है। इस तरह की बातें एस. सी. ही करते हैं, वे ही पक्ष लेते हैं कांशीराम और मायावती का।' यह विचार मन में आते ही सहसा वे असहज से हो गए और "अरे अनिता–।" कहते हुए अन्दर चले गए। अनिता ड्राइंग रूम में पर्दे के दूसरी ओर डाइनिंग टेबल पर बर्तन लगा रही थी। उसने वहीं से उत्तर दिया, "येस पापा।"

"बेटी एक बात तो बताओ।"

"क्या पापा?"

"इस लड़के की कास्ट क्या है?"

"आई काण्ट से पापा। मैंने उससे कभी पूछा ही नहीं।"

"फिर भी, बातचीत के दौरान कहीं कोई प्रसंग आया हो और तुमने कुछ नोट किया हो।"

"नहीं पापा, मेरा तो इस ओर कभी ध्यान ही नहीं गया। मैंने तो बस यही देखा कि उसकी नेचर बहुत अच्छी है। उसे ऐटीकेट्स आते हैं और उसमें कोई बुराई नहीं है, स्मोकिंग तक वह नहीं करता और फिर पापा हमारे एड में पहले ही 'नो बार' छपा था, इसलिए उसकी कास्ट के बारे में जानने की या इस ओर ध्यान देने की कोई तुक ही नहीं थी।"

"फिर भी तुमको इस ओर ध्यान देना चाहिए था बेटी।"

"पर क्यों पापा, जब हम जाति-पाति को मानते ही नहीं तो फिर वह किसी भी कास्ट का हो, उससे क्या फ़र्क़ पड़ता है।" लड़की ने बड़ी सहजता से कहा।

"वह सब तो ठीक है कि हम जाति-पाति को नहीं मानते और हमने मैट्रिमोनियल में 'नो बार' छपवाया था, लेकिन फिर भी कुछ चीज़ें तो देखनी ही होती हैं। आख़िर 'नो बार' का यह मतलब तो नहीं कि किसी चमार-चूहड़े के साथ... ।" तभी फ़ोन की घण्टी बजी और वह फ़ोन सुनने के लिए ड्राइंग रूम में चले गए। अनिता वहीं खड़ी रह गई थी।

**नदी सुनती है**- नीलोत्पल -'अनाज पकनेका समय' संकलन से, भारतीयज्ञानपीठ, नई दिल्ली।

घाट पर घंटों सुनती है नदी

प्रतीक्षाकुल हो - हमारा आना

हम जो आते हैं नहीं आनेके लिए

औरछोड़ जाते हैं अपनी उकताहटें

नदी सुनती है

नदी सुनती है

हमारे नहीं आनेको

नदी सुनती है

हमारे नहीं आने पर आनेको

घाट पर घंटों सुनती है नदी

हम को

और हमें ज़िन्दगीकेकिसी भी घाट पर

सुनाई नहीं देता

नदीका होना

नदी हमारे होने काज़िन्दा अहसास है।

**पिता** - जितेन्द्र श्रीवास्तव–‘असुन्दर सुन्दर’ संकलन से, भारतीयज्ञानपीठ, नई दिल्ली।

अबकी ख़ूब गड़े हैं मचान!

मकई केखेतों में

आयी है बहार

कई बरस बीत गए

भुट्टाखाये

भूजा चबाये

अक्सर बताते हैं पिताखेतों से लौटकर

बतियाते-बतियाते

कहीं खोजाते हैं

निहारने लगते हैं शून्य में

और हो जाते हैं

कभी ख़ुश

कभी उदास

यूँ ही

होते हैं जब शान्तपिता

समझाते हैं दुनियादारीकी बातें

समय कैसे बदलता है

बताते हैं

पहले पड़ताथा जब अकाल

लोगगुज़ाराकरतेथे

खाकर

मकई औरकेराव

नाराज़ हो जाते हैं पिता

बीच में टोकने पर

करते हैं

सत्तर साल हवा में नहीं काटे हैं!

फिर शान्त हो जाते हैं

.धीरे-धीरे

यादकरने लगते हैं कुछ

ग़ौर सेदेखते हैं हमारे चेहरों को

फिर हँसते हैं धीमी हँसी

शायद याद आ जाती है

कोई पुरानी बात

वैसे भूल चुके हैं पिता

उनढेर सारे शब्दोंके अर्थ

जिनको समझाया करतेथेकभी

जवारके लोगोंको

अब एकान्त मेंढूँढ़ते हैं पिता
अपनी आँखों में कहीं
खोगये सपनोंको
औरथककरगुनगुनाने लगते हैं
‘काहे रेनलिनीतू कुम्हालानी !’

महसूस होता है
भीतर ही भीतर
पक रही है मक्केकी फसल।

**पार्कवालीचिडिया**-मनिक बच्छावत, ‘पेड़ोंका समय’ संकलन से, समकालीन सृजन, कोलकाता।

सुबह घूमते वक्त उसेदेखा

पार्ककेदरख्त पर

चहक रही थी

फुदक रही थी

वह चिड़िया

वह हरी थी पीली थी

लाल थीनीलीथी

सारे रंग उसके

पंखों में समए थे

लगताथा प्रकृतिने

उसे सब रंगो से

भरदियाथाजो

बहुत सुहावने लग रहे थे

वह अपनेकंठखोलकर

गा रही थी

एकडाल सेदूसरी

डाल पर जा रही थी

मैं मोहित हो गया था

उसकी आवाज़ सुनकर



उसेदेखने पहचानने की

कोशिशकर रहा था

अपनी मुग्ध अवस्था में

घरजाकर उसे

खोजूँगा सलीम अली की

किताब में

शायदतब पताचलेगा

वह कौनथी

क्या नामथा क्या जातिथी उसकी

देशकी या विदेशकीथी

परजो भी थी

वह अद्भुतथी।

**पृथ्वी** -अनिता वर्मा

एक विशाल साम्राज्य के होते हुए भी

विनम्र हो तुम

यह तुम्हारी ही रहियाली है

जो हमारी नसों में बहती है

तुम्हारा ही जल है जिससेतरल है हमारा रुधिर

यहच तपती सतह ही है आग चऔरताक़त

तुम्हारे ही जंगल हैं हमारे भीतरतकजाते हुए

जिनमेंखोते ही रहते हैं हम

तुमने ही इकट्ठाकिए हैं सूरज औरचाँद

तुमने ही दिया है सब कुछ सुंदर

गंध रूप रस और शब्द

जिन्हें हम खूब खोते रहे जीवन में

मिट्टीकीकोमल तहों केनीचे

एकजो तुम्हारी आत्मा है

तोतुमदरकने लकती हो माँ केदृश्य की तरह

गुजरात में सबने सुना वह रुदन

हमने तुम्हें नहीं रखा हरा-भरा

बहुत शोर पैदाकरदिया

नदियोंको बाँधा औरडुबोदीधरती

अब हम उन्नत हैं

रहा नहीं कोई चारा

नीचेगिरनेके सिवा।

**तुम्हारा गाँव शहर हो रहा है**- ए. अरविन्दाक्षन, 'राग लीलावती' संग्रह से, शिल्पायन, दिल्ली।

इस साल से
हमारे गाँव में बस आने लगी है
सभी लोग उसमेंचढ़कर शहर जाते हैं
खचखच भरी हुई एक बस।
फिर भी सभी खुश।
आजच मैं बस केनज़दीकखड़ाकुछ सोच रहा था
शहर जाऊँ या नहीं
बस ने मेरेकंधे पर राथ रखकर कहा –
भैया शहर जानेकी क्या ज़रूरत है
शहर इसी तरफ आ ही रहा है
सुना है कि वह जो बरगदका पेड़ है
वहाँ बिल गेट्सकीएककंपनीखड़ी हो जाएगी
वे सारेनीमके पेड़ काटदिएजाएँगे
वहाँ रूसियोंकीकोई फ़ौजी संस्था वब जाएगी
वह जो पोखर है
उधरविलायत वाले स्कूलखोल रहे हैं
भैया शहर क्यों जा रहे हो
तुम्हारा गाँव शहर हो जाएगा
सुखी रहे।

## KANNUR UNIVERSITY

**(Abstract)**

**BA Programme in Hindi Language & Literature under Choice Based Credit and Semester System –Modified Scheme of Complementary Course - Implemented w.e.f 2014 Admission - Orders issued.**

ACADEMIC BRANCH

U.O.No.Acad/C3/4325/2014 Dated, Civil Station.P.O,25-06-2015

Read:1.U.O No.Acad/C2/2232/2014 , dated 14.3.2014
2.Minutes of the meeting of Faculty of Language & Literature held on 26-3-2014
3.Minutes of the Combined Meeting of the Chairmen of the Boards of Studies in Hindi (UG) & Sanskrit (Cd) held on 12.06.2015

**ORDER**

1.Revised Regulations for U.G Programmes under Choice Based Credit and Semester System were implemented in the University with effect from 2014 admission, as per paper read (1) above.

2.As per paper read (2) above, the meeting of Faculty of Language & Literature, held on 26.3.2014 has approved the scheme, syllabus and model question papers for B.A Hindi Language & Literature Programme to be implemented with effect from 2014 admission.

3.The Chairman Board of Studies in Hindi (UG) vide letter dated 10.06.2015 requested to convene a combined meeting of Hindi and Sanskrit boards to rectify the anomalies occurred in the complementary course of Hindi (UG) Syllabus implemented with effect from 2014 admission.

4. The Combined Meeting of the Chairmen of the Boards of Studies in Hindi (UG) & Sanskrit (Cd) held on 12.06.2015 decided to rectify the mistakes occurred in Hindi UG syllabus of 2014 Admission as **Complementary Courses of Sanskrit which were designed in I and II Semesters of Hindi UG Syllabus to be shifted to II and III Semesters respectively.**

5.The Vice-Chancellor, after considering the matter in detail, and in exercise of the powers of the Academic Council, as per Section 11 (1) of Kannur University Act, 1996 and all other enabling provisions read together with, has accorded sanction to modify the Scheme of Complementary Course of B.A Hindi Language & Literature Programme under Choice Based Credit and Semester System with effect from 2014 admission, subject to report to the Academic Council.

6. The modified page of the Scheme of B.A Hindi Language & Literature is appended.

Sd/-
JOINT REGISTRAR (ACADEMIC )

For Registrar

P.T.O.

To:

The Principals of Affiliated Colleges Offering B.A Hindi Language & Literature Programme

Copy to:

1. The Examination Branch
2. The Chairman, Board of Studies in Hindi (UG)/Sanskrit(Cd)
3. PS to VC/PA to PVC/PA to Registrar/PA to CE
4. DR/AR-I (Academic).
5. SF/DF/FC

Forwarded /By Order

SECTION OFFICER

- For more details log on to www kannur university.ac.in

KANNUR UNIVERSITY
CIVIL STATION P.O.
KANNUR
Pin-670 002
THAVAKKARA

## I SEMESTER

| SL. No. | COURSE CODE | COURSE & TITLE | WEEKLY HOURS | CREDIT |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1B01 HIN | CORE – NIBANDH SAHITYA | 6 | 5 |
| 2 | 1C01 HIN | COMLE – PATRACHAR EVAM KARYALAYI HINDI | 6 | 4 |

## II SEMESTER

| SL. No. | COURSE CODE | COURSE & TITLE | WEEKLY HOURS | CREDIT |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 2B02 HIN | CORE – HINDI SAHITYA KA ITIHAS (RITI KAL TAK) | 6 | 5 |
| 4 | 2C02 HIN | COMLE – JANA SANCHAR MADHYAM / Sanskrit | 6 | 4 |

## III SEMESTER

| SL. No. | COURSE CODE | COURSE & TITLE | WEEKLY HOURS | CREDIT |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 3B03 HIN | CORE – VYAKARAN | 4 | 4 |
| 6 | 3B04 HIN | CORE – HINDI SAHITYA KA ITIHAS (GADHYA) | 5 | 4 |
| 7 | 3C03 HIN | COMLE – BHARATH KA SANSRITIK ITIHAS / Sanskrit | 6 | 4 |

## IV SEMESTER

| SL. No. | COURSE CODE | COURSE & TITLE | WEEKLY HOURS | CREDIT |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 4B05 HIN | CORE – HINDI SAHITYA KA ITIHAS (PADHYA) | 5 | 4 |
| 9 | 4B06 HIN | CORE – HINDI BHASHA KA UDBHAV AUR VIKAS | 5 | 4 |
| 10 | 4C04 HIN | COMLE – COMPUTER VIGYAN | 5 | 4 |